

MPHIN.RNI.NO. 62005/94

# प्रजादेश



वर्ष -32 अंक 96 | भोपाल, शुक्रवार 08 मई 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य 1.50 रुपये

# बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार: निशांत कुमार समेत 32 विधायक बने मंत्री, प्रधानमंत्री मोदी भी रहे मौजूद

## सीएम सम्राट ने गृह विभाग अपने पास रखा: नीतीश के बेटे निशांत को स्वास्थ्य, विजय सिन्हा संभालेंगे कृषि मंत्रालय; विभागों का बंटवारा


पटना,07 मई । बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मंत्रिमंडल का विस्तार हो रहा है। 32 नए मंत्रियों ने पटना के गांधी मैदान में शपथ ली है। इनमें से भाजपा के 15, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के 13, लोक जनशक्ति पार्टी एलजेपी (रामविलास) के 2, हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) से एक-एक विधायक शामिल हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौजूद रहे।




भाजपा से राम कृपाल यादव, केदार गुप्ता, नीतीश मिश्रा, मिथलेश तिवारी, रमा निषाद, विजय कुमार सिन्हा, दिलीप जायसवाल, प्रमोद चंद्रवंशी, लखविंदर पासवान, संजय टाइगर, इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र, नंद किशोर राम, रामचंद्र प्रसाद, अरुण शंकर प्रसाद और श्रेयसी सिंह को मंत्री पद मिला है। इनमें से 4 विधायक पहली बार मंत्री बने हैं। एलजेपी(रामविलास) से संजय पासवान और संजय सिंह, हम से संतोष सुमन और आरएलएम से दीपक प्रकाश को कैबिनेट में जगह मिली है।

भाजपा के पास मुख्यमंत्री समेत 16 मंत्री। मिथिलेश तिवारी, रामचंद्र पासवान, अरूण शंकर प्रसाद, नंद किशोर राम और इंजीनियर शैलेंद्र पहली बार कैबिनेट में। जेडीयू के पास 2 उपमुख्यमंत्री और 13 मंत्री। इनमें नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, बुलो मंडल और श्वेता गुप्ता पहली बार मंत्री बने। एलजेपी (रामविलास) के पास 2 मंत्री। हम और आरएलएम के पास एक-एक मंत्री। मंत्रिमंडल में 5 महिला मंत्री। कैबिनेट विस्तार में भाजपा और सहयोगी पार्टियों ने जातिगत समीकरण पर खास ध्यान दिया है। पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, सवर्ण और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए नेताओं का चयन किया गया है। मंत्रिमंडल में 10 मंत्री ईबीसी, 6 ओबीसी, 7 दलित, 9 सवर्ण और एक मुस्लिम चेहरे को जगह मिली है। मुस्लिम चेहरे के तौर पर केवल जेडीयू ने जमा खान को मंत्री बनाया है। उन्हें नीतीश का करीबी माना जाता है। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हुआ था।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ दत्त की गोली मारकर हत्या



**कोलकाता,07 मई ।** पश्चिम बंगाल के मध्यमग्राम इलाके में बुधवार रात भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ दत्त की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने उनकी कार को रोककर बेहद करीब से फायरिंग की और कम से कम 4 गोलियां चलाई गईं। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया है और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इस वारदात के बाद राज्य की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है। दत्त अपनी कार से जा रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी का पीछा करना शुरू किया। जैसे ही उनकी कार धीमी हुई, हमलावरों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। दत्त के सीने और सिर में गोली लगने की बात सामने आई है। गंभीर हालत में उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस अब हमलावरों की पहचान और वारदात की वजह पता लगाने में जुटी हुई है। घटना के बाद अस्पताल के बाहर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है और इलाके में लगातार निगरानी रखी जा रही है। भाजपा नेता सुवेंदु के भी अस्पताल पहुंचने की संभावना है। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। अभी तक हमलावरों की संख्या और पूरी घटना का क्रम साफ नहीं हो पाया है, लेकिन पुलिस कई एंगल से मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### धार्मिक प्रथाओं को जिस तरह से चुनौती दी जाती है, उससे कोर्ट परेशान है, सबरीमला पर सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,07 मई ।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को केरल के सबरीमला मंदिर, दाऊदी बोहरा समेत कई धर्मों द्वारा अपनाई जाने वाली धार्मिक आजादी से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई हुई.

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि भारतीय समाज में एक हमेशा रहने वाली चीज हर इंसान मर्द, औरत या बच्चे का धर्म के साथ गहरा रिश्ता है. उन्होंने जोर देकर कहा कि यह रिश्ता जिंदगी के ताने-बाने में गहराई से जुड़ा हुआ है, जिससे आस्था के मामले सामाजिक पहचान से अलग नहीं हो सकते.

उन्होंने आगे कहा कि कोर्ट को जो बात परेशान करती है, वह यह मुश्किल सवाल है कि धार्मिक रीति-रिवाजों को कैसे चुनौती दी जाती है. क्या सुधार पंथों के अंदर होना चाहिए, राज्य के दखल से, या अदालती फैसले से.

9 जजों की संविधान बेंच केरल के सबरीमला मंदिर समेत धार्मिक जगहों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और दाऊदी बोहरा समेत कई धर्मों द्वारा अपनाई जाने वाली धार्मिक आजादी के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है.

बेंच में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस बी वी नागरत्ना, एम एम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी वारले, आर महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं.

दाऊदी बोहरा समुदाय के केंद्रीय बोर्ड ने 1986 में एक जनहित याचिका फाइल की थी जिसमें 1962 के एक फैसले को रद्द करने की मांग की गई थी, जिसने बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ एक्सकम्युनिकेशन एक्ट, 1949 (बॉम्बे बहिष्कार निवारण अधिनियम 1949) को रद्द कर दिया था. यह कानून किसी भी समुदाय के सदस्य को धर्म से बहिष्कृत करने (एक्सकम्युनिकेशन) को गैर-कानूनी बनाता था. सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन ने सुधारवादी दाऊदी बोहराओं के एक समूह का प्रतिनिधित्व किया.

सुनवाई के दौरान, रामचंद्रन ने कहा कि किसी व्यक्ति के धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक कामों के जवाब में किया गया कोई भी काम संविधान के आर्टिकल 25 के तहत संवैधानिक सुरक्षा का विषय नहीं हो सकता है और इसलिए संविधान के आर्टिकल 26 के तहत धर्म का



पटना में बिहार सरकार के नवनियुक्त मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

## तमिलनाडु में थलापति विजय को राज्यपाल ने दूसरी बार लौटाया, बोले-118 विधायकों के हस्ताक्षर लेकर आओ

**चेन्नई,07 मई ।** तमिलनाडु में चुनाव समाप्त होने के बाद अब बड़ा राजनीतिक ड्रामा चल रहा है। सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के प्रमुख थलापति विजय गुरुवार को फिर राज्यपाल से मिलने लोकभवन पहुंचे हैं। हालांकि, राज्यपाल ने लगातार दूसरे दिन विजय के सरकार बनाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्यपाल ने विजय को बताया कि शपथ ग्रहण प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन्हें 118 विधायकों के हस्ताक्षर लाना जरूरी है।



विजय ने बुधवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात कर 112 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा था, जबकि राज्यपाल ने 118 विधायकों के साथ दोबारा आने को कहा था। इस बीच, विजय ने सहयोगियों से भी बातचीत करना जारी रखा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए राज्यपाल से संवैधानिक सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने और टीवीके को विधानसभा में अपना बहुमत साबित करने का अवसर देने का आग्रह किया है।

विजय की खुद की पार्टी में से 2 सीटें कम होने वाली हैं। विजय ने 2 विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत दर्ज की। अब उन्हें एक सीट से इस्तीफा देना होगा। ऐसे में एक सीट कम हो जाएगी।

## ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरे होने पर कांग्रेस ने फिर से सरकार पर साधा निशाना, बोली- पाकिस्तान को लगातार मिल रही प्रशंसा

**नई दिल्ली,07 मई ।** सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत द्वारा व्यापक राजनयिक प्रयासों के बावजूद, पाकिस्तान 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद की तरह अलग-थलग नहीं पड़ा, बल्कि उसे अमेरिकी सैन्य प्रतिष्ठान से प्रशंसा मिली है. ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर विपक्षी दल ने याद दिलाया कि ऑपरेशन को अप्रत्याशित रूप से रोकने वाले युद्धविराम की पहली घोषणा 10 मई, 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी.

संचार प्रभारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के शुभारंभ की पहली वर्षगांठ मनाते हुए और हमारी सशस्त्र सेनाओं की उपलब्धियों को सलाम करते हुए, यह याद रखना उपयोगी होगा: ऑपरेशन सिंदूर को अप्रत्याशित रूप से रोकने वाले युद्धविराम की पहली घोषणा 10 मई, 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी, जिन्होंने दावा किया था कि यह राष्ट्रपति ट्रंप के हस्तक्षेप के कारण संभव हुआ था. रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने विभिन्न देशों में सौ से अधिक बार इस दावे को दोहराया है, लेकिन उनके अच्छे मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कभी भी इसका खंडन नहीं किया है. रमेश ने याद दिलाते हुए बताया कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने 30 मई, 2025 को सिंगापुर में एक बयान दिया था. इसमें उन्होंने कहा था कि सामरिक त्रुटियों के कारण भारत को शुरुआती नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन समीक्षा और सुधार के बाद, भारत सामरिक गलतियों को समझने और पाकिस्तान के भीतर सटीक हमले करने में सक्षम रहा.

## दिल्ली फ्लाइट में महुआ मोइत्रा ने लगाया बदसलूकी का आरोप; एअरलाइन से की सख्त कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली,07 मई ।** तृणमूल कांग्रेस (ञ्रस्ष्ट) की सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट में अपने साथ कथित बदसलूकी और उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर एअरलाइन और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की है। महुआ मोइत्रा ने बताया कि वह आधिकारिक कार्य के लिए दिल्ली जा रही थीं, जहां उन्हें संसद की रक्षा मामलों से जुड़ी स्थायी समिति की बैठक में शामिल होना था। उन्होंने कहा कि वह इंडिगो की फ्लाइट 6श्व-719 में सीट 1स्न पर बैठी हुई थीं।



सांसद के अनुसार, चार से छह लोग एक साथ विमान में सवार हुए और उन्हें घूरते हुए विमान के पिछले हिस्से में जाकर बैठ गए। उन्होंने दावा किया कि यह व्यवहार असहज करने वाला था। मेरे साथ आपत्तिजनक व्यवहार हुआ'

महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाया कि फ्लाइट के दिल्ली में लैंड करने के बाद और विमान का दरवाजा खुलने से पहले उन लोगों ने उनके साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया। इतना ही नहीं, उनका वीडियो भी बनाया गया,

## पश्चिम बंगाल में राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा भंग की; कोलकाता में कल भाजपा विधायक दल की बैठक

**कोलकाता,07 मई ।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आदेश जारी कर दिया है। लोक भवन, पश्चिम बंगाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174(2)(ड्ढ) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है।



**7 मई 2026 से लागू हुआ आदेश**

जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा को 7 मई 2026 से प्रभावी रूप से भंग कर दिया गया है। यह कदम संवैधानिक प्रावधानों के तहत लिया गया है। लोक भवन की अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 174(2)(ड्ढ) के तहत राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर लिया गया है।

**कार्यकाल पूरा होने के बाद फैसला**

वर्तमान विधानसभा का गठन मई 2021 में हुआ था, जब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की थी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, हाल ही में संपन्न दो चरणों के चुनाव के बाद विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो गया, जिसके बाद इसे औपचारिक रूप से भंग करने का निर्णय लिया गया।

**कल भाजपा की विधायक दल की अहम बैठक**

इसी पश्चिम बंगाल में शनिवार को शुभेंदु अधिकारी नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनडीए शासित सभी 20 राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सहयोगी दलों के अध्यक्ष और वरिष्ठ मंत्री शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इससे पहले, केंद्रीय पर्यवेक्षक गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शुक्रवार शाम चार बजे विधायक दल की बैठक में नेता का चयन होगा।

**टैगोर की जयंती से संदेश देने की कोशिश**

तृणमूल कांग्रेस के बंगाली अस्मिता के मुद्दे की प्रभावी रूप से हवा निकालने के लिए भाजपा ने शपथ ग्रहण के लिए रवींद्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती को चुना है। इस दिन 25वां वैशाख है, जो बंगाली कैलेंडर के मुताबिक टैगोर जयंती है। हालांकि अंग्रेजी भाजपा कार्यालय में सीएम पद कैलेंडर के हिसाब से उनकी के दावेदार शुभेदु अधिकारी जयंती 7 मई को होती है

## ऑपरेशन सिंदूर को दुनिया ने माना गोल्ड स्टैंडर्ड, तीनों सेनाओं ने स्वदेशी हथियारों से पाक को किया पस्त

**जयपुर,07 मई।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने ऑपरेशन को भारत की नई सैन्य रणनीति और संयुक्त युद्ध क्षमता का प्रतीक बताया. लेफ्टिनेंट जनरल डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटेजी) राजीव घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड माना गया. उन्होंने बताया कि बीएसएफ समेत तीनों सेनाओं ने मिलकर यह अभियान चलाया, जिसमें थल, वायु और समुद्री ताकत का संयुक्त इस्तेमाल किया गया. उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर कुल नौ सटीक स्ट्राइक कीं, जिनमें सात हमले सेना और दो एयरफोर्स ने किए. रियल टाइम इंटेलिजेंस, साझा ऑपरेशन सिस्टम और मल्टी एजेंसी तालमेल की बदौलत आतंक ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचाया गया.

## संक्षिप्त समाचार

### पुरानी इमारत भरभराकर गिरी, युवक की मौत

**भोपाल ।** टीटी नगर ओल्ड एमएलए क्वार्टर के पिछले हिस्से में बने जर्जर सरकारी आवास का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। हादसे में कमरे में सो रहे युवक की दबने से मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर की है। मृतक की पहचान अमित कुमार (32) के तौर पर हुई है। युवक अवैध रूप से बंद जर्जर मकान में रहता था।एसीपी टीटी नगर अनीता खातरकर ने बताया कि डायल 100 पर मिली सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। मलबे के अंदर व्यक्ति दबे होने की सूचना मिली। जिसके बाद एसडीआरएफकी टीम को रेस्क्यू के लिए बुलाया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने करीब आधे घंटे तक रेस्क्यू आपरेशन चलाया। युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।एसीपी की मुताबिक कई वर्ष पहले इलाके में बने सरकारी आवासों को जर्जर घोषित किया जा चुका है। लिहाजा खाली मकानों में कोई नहीं रहता है। आसपास के लोगों ने बताया कि जो मकान गिरा है, वहां एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति रहता था। आस पास में भीख मांगकर अपना गुजारा चलाता था।डॉक्टर अर्चना शर्मा टीटी नगर एसडीएम ने बताया कि पचास साल पुराना मकान है। मकान नंबर 12/21 में हादसा हुआ है। रेस्क्यू करने के बाद अमित को अस्पताल पहुंचाया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अमित के पिता अयोध्या बाइपास में रहते हैं। वे रिटायर्ड शासकीय कर्मचारी हैं। अमित अर्ध विक्षिप्त था। इसी मकान में रहा है, लिहाजा इसी मकान में अकेला रह रहा था। दस साल पहले मकान को जर्जर घोषित किया जा चुका है।एसडीएम ने बताया कि हादसे के बाद चार जेसीबी मशीने बुला ली हैं। जहां हादसा हुआ उस मकान सहित पास के चार अन्य मकान तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। सभी मकान पहले ही जर्जर थे, हादसे के मद्देनजर पहले ही आस पास के अन्य मकानों को तोड़ने का काम जारी था। इन मकानों को तोड़ा जाता इससे पहले ही हादसा हो गया।हादसे के बाद स्थानीय विधायक भगवानदास सबनानी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि अमित कुमार मकान में अवैध रूप से रह रहा था। हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे हादसे भविष्य में न हों इसके लिए प्रशासन को पत्र लिख रहे हैं। जिससे जर्जर इमारतों को जमींदोज किया जा सके। टीटी नगर ओल्ड एमएलए क्वार्टर के पिछले हिस्से में बने जर्जर सरकारी आवास का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। हादसे में कमरे में सो रहे युवक की दबने से मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर की है। मृतक की पहचान अमित कुमार (32) के तौर पर हुई है। युवक अवैध रूप से बंद जर्जर मकान में रहता था।एसीपी टीटी नगर अनीता खातरकर ने बताया कि डायल 100 पर मिली सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। मलबे के अंदर व्यक्ति दबे होने की सूचना मिली। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम को रेस्क्यू के लिए बुलाया। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने करीब आधे घंटे तक रेस्क्यू आपरेशन चलाया। युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

एसीपी की मुताबिक कई वर्ष पहले इलाके में बने सरकारी आवासों को जर्जर घोषित किया जा चुका है। लिहाजा खाली मकानों में कोई नहीं रहता है। आसपास के लोगों ने बताया कि जो मकान गिरा है, वहां एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति रहता था। आस पास में भीख मांगकर अपना गुजारा चलाता था।डॉक्टर अर्चना शर्मा टीटी नगर एसडीएम ने बताया कि पचास साल पुराना मकान है। मकान नंबर 12/21 में हादसा हुआ है। रेस्क्यू करने के बाद अमित को अस्पताल पहुंचाया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अमित के पिता अयोध्या बाइपास में रहते हैं। वे रिटायर्ड शासकीय कर्मचारी हैं। अमित अर्ध विक्षिप्त था। इसी मकान में रहा है, लिहाजा इसी मकान में अकेला रह रहा था। दस साल पहले मकान को जर्जर घोषित किया जा चुका है।एसडीएम ने बताया कि हादसे के बाद चार जेसीबी मशीने बुला ली हैं। जहां हादसा हुआ उस मकान सहित पास के चार अन्य मकान तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। सभी मकान पहले ही जर्जर थे, हादसे के मद्देनजर पहले ही आस पास के अन्य मकानों को तोड़ने का काम जारी था। इन मकानों को तोड़ा जाता इससे पहले ही हादसा हो गया।

# समाज के समृद्ध लोग सामूहिक विवाह सम्मेलनों में विवाह का करें ट्रेंड सेट : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सनातन संस्कृति में विवाह जन्म-जन्मांतर का पवित्र बंधन है। गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रहे वर-वधुओं के लिए आने वाला समय कई जिम्मेदारियां लेकर आता है। सभी परिवारों के लिए विवाह का आयोजन आनंद और उत्सव का वातावरण निर्मित करता है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में एक ही मंडप में समाज के विभिन्न वर्गों के बेटे-बेटी वैवाहिक बंधन में बंधते हैं, सामूहिक चेतना का यह उत्सव फिजूल खर्ची और दिखावे पर रोक का संदेश देता है। सरकार और समाज ने जब से सामूहिक विवाह का बीड़ा उठाया है तब से गरीब माता-पिता ने चैन की सांस ली है। समाज के समृद्ध लोग सादगी को अपने व्यवहार में उतारे और सामूहिक विवाह सम्मेलनों में विवाह का ट्रेंड सेट करें। इससे समाज का हर वर्ग विवाह के अनावश्यक खर्च से बचेगा और उपलब्ध संसाधनों का परिवार के भविष्य निर्माण में उपयोग किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया



कि उन्होंने स्वयं भी अपने पुत्र का विवाह सामूहिक सम्मेलन में ही किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बेटियों की शिक्षा की चिंता करना और उसके लिए पर्याप्त प्रबंध करना, हर माता-पिता का दायित्व हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित 200 बेटियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान कर उनके परिजन को शुभकामनाएं दीं। सामूहिक विवाहों के आयोजन से माता-पिता को नहीं लेना पड़ रहा है कर्ज मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि दिसंबर 2023 से अप्रैल 2026 तक 1 लाख 70 हजार 187 बेटियों के विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत कराये गए है। योजना अंतर्गत अब तक लगभग 1000 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री

**सामूहिक विवाह सम्मेलन संदेश हैं फिजूल खर्ची और दिखावे पर रोक का**

**शादी के अनावश्यक खर्च को कम कर, परिवार की बेहतरी के लिए करें उपयोग**

**बेटियों की शिक्षा के पर्याप्त प्रबंध करना, हर माता-पिता का दायित्व**

**दिसंबर 2023 से अप्रैल 2026 तक 1 लाख 70 हजार 187 बेटियों के विवाह हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आष्टा में आयोजित 200 बेटियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन को किया वर्चुअली संबोधित**

डॉ. यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से आर्थिक रूप से कमजोर भाई-बहनों की बेटियां भी पूरे सम्मान के साथ विदा होती हैं। समाज का कोई भी वर्ग हो, बच्चों का विवाह हर माता-पिता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। सामूहिक विवाहों के आयोजन से अब विवाह के लिए माता-पिता को कर्ज नहीं लेना पड़ रहा है। समाज और सरकार एक-दूसरे के पूरक हैं। परिवर्तन के लिए समाज और सरकार दोनों का हाथ मिलाकर चलना जरूरी है। सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन वर्तमान समय में समाज सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बन चुके हैं। सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक आष्टा श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, अध्यक्ष जनपद पंचायत आष्टा श्रीमती दीक्षा सोनू गुणवान, जनप्रतिनिधि सहित वर-वधु और उनके परिजन उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित 200 बेटियों के सामूहिक विवाह सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे है।

# उपयोगित जल प्रबंधन में आधुनिक एवं प्रकृति आधारित तकनीकों का होगा समावेश : आयुक्त श्री भोंडव



आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने कहा कि सीवरेज प्रबंधन के लिए एसबीआर और बायोनेस्ट जैसी अत्याधुनिक एवं सक्षम तकनीकों का समावेश उपयोगित जल प्रबंधन के लिए अत्यंत लाभदायक हैं। कम लागत वाली टिकाऊ प्रणालियों के माध्यम से मलजल शोधन संयंत्रों (एसटीपी) से निकलने वाले उपचारित जल का अनिवार्य रूप से पुनरुपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि नगरों की स्वच्छता और समग्र सौंदर्य के लिए नाला टैपिंग की भूमिका अत्यंत प्रासंगिक है, उच्च तकनीक और प्रकृति के सामंजस्य से इस क्षेत्र में प्रगति करना विभाग का प्राथमिक ध्येय है। उन्होंने संयंत्र परिसरों में वायु और पर्यावरण शुद्धि के लिए पीपल जैसे प्राकृतिक शोधक पौधों के रोपण तथा प्रकृति आधारित (नेचर-बेस्ड) तकनीकों को अपनाने पर भी विशेष बल दिया। आयुक्त श्री भोंडवे ने निर्देश दिए कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और इससे जुड़े विभिन्न तकनीकी घटकों की डिजाइन एवं ड्रॉइंग संबंधी विषयों का त्वरित और दक्षतापूर्ण समाधान किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत प्रदेश के नगरों को पर्यावरण के अनुकूल और पूर्णतः स्वच्छ बनाने की दिशा में नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा होटल पलाश में 'उपयोगित जल प्रबंधन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अपर आयुक्त श्री शिशिर गेमावत ने कहा कि मध्यप्रदेश स्वच्छ भारत मिशन के विविध सोपानों पर सराहनीय और अनुकरणीय कार्य कर रहा है। उन्होंने उपयोगित जल प्रबंधन की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए निर्माण की डिजाइन और ड्रॉइंग की सटीकता को अत्यंत आवश्यक बताया। नगरीय निकायों की तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के ध्येय से ही इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें विषय-विशेषज्ञों के साथ एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर गहन विमर्श किया जा रहा है। प्रमुख अभियंता श्री प्रदीप मिश्रा ने कहा कि मलजल शोधन संयंत्र से प्रवाहित होने वाले जल की शुद्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखना अपरिहार्य है, जिससे उपयोगित जल प्रबंधन का मूल उद्देश्य अपनी सार्थकता को प्राप्त कर सके। तकनीकी सत्रों में वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर श्री राजेश विनिवाल ने उपयोगित जल प्रबंधन के सूक्ष्म पहलुओं पर अपना सारगर्भित प्रस्तुतीकरण दिया। श्री कार्तिकेय तिवारी ने 'पॉल्यूटेड नाला टू क्लीन वॉटर' (प्रदूषित नाले से स्वच्छ जल तक) विषय पर नवीन तकनीकें साझा कीं। कार्यशाला में 136 नगरीय निकायों के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा इंटरसेप्शन एवं डाइवर्जन से जुड़े विविध घटकों की रूपरेखा पर व्यापक मंथन किया गया। कार्यशाला में संभागीय कार्यपालन यंत्री, संभागीय संयुक्त संचालक, पीडीएमसी टीम के सदस्य, डिजाइनर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स और विभिन्न तकनीकी प्रदाता उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन उप संचालक श्री नीलेश दुबे द्वारा किया गया।

# गिरते भूजल स्तर के लिए निगम का एक्शन प्लान, 15 हजार इमारतों में लगेंगे रेन वाटर हार्वेस्टिंग

**भोपाल।** इंदौर में बढ़ते तापमान और गिरते भूजल स्तर के कारण गहराते जल संकट को देखते हुए नगर निगम ने 15000 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य कर दी है। इसके साथ ही निर्माण कार्यों में नर्मदा जल के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। इंदौर में गर्मी के बढ़ते प्रकोप के साथ ही पानी की किल्लत विकराल रूप धारण करने लगी है। स्थिति यह है कि नर्मदा के नलों में अब कम दबाव से पानी की आपूर्ति हो रही है और शहर के 30 से 40 प्रतिशत इलाकों में बोरिंग भी पूरी तरह सूख चुके हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए नगर निगम ने भूजल स्तर सुधारने और बारिश की बूंदों को सहेजने के लिए कड़े कदम उठाना शुरू कर दिया है। निगम प्रशासन ने अब शहर के तमाम आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक भवनों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है। अभियान के पहले चरण में 600 से अधिक बहुमंजिला इमारतों और बड़े भवनों को चिह्नित कर नोटिस थमाए गए हैं। आगामी दो महीनों के भीतर निगम ने 15,000 भवनों में यह सिस्टम स्थापित करने का लक्ष्य रखा है और आम नागरिकों से भी इसे स्वेच्छा से अपनाने की



अपील की जा रही है।बढ़ती हुई आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए नर्मदा के चौथे चरण का कार्य तो प्रारंभ कर दिया गया है, परंतु सबसे बड़ी चुनौती पानी की वास्तविक उपलब्धता को लेकर बनी हुई है। हालांकि जिम्मेदार अधिकारी यह दावा कर रहे हैं कि पानी की टंकियों को पूर्व की भांति ही भरा जा रहा है, किंतु धरातल पर परिस्थितियां इसके विपरीत नजर आ रही हैं। शहरी क्षेत्रों में जमीन के भीतर पानी का स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। इसी गिरावट को रोकने के उद्देश्य से नगर निगम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वॉटर रिचार्जिंग की व्यापक पहल की है।भूजल बोर्ड की हालिया रिपोर्ट में निगम के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दिए हैं। आंकड़ों के अनुसार, पानी का दोहन प्रतिशत 119 से कम होकर 117 पर आ गया है। भविष्य की जरूरतों और जल संकट के स्थाई समाधान के लिए निगम ने लंबी अवधि की योजना पर ध्यान केंद्रित किया है। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल के अनुसार, बड़ी इमारतों में इस प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। वर्तमान में लगभग 800 भवन स्वामियों और मल्टी संचालकों ने सूचित किया है कि उन्होंने सिस्टम लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस पूरी प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 30 जून तक की समय सीमा तय की गई है। निर्माण कार्यों और व्यावसायिक उपयोग पर कड़े प्रतिबंध लागू किए बढ़ती गर्मी में घरेलू खपत के साथ-साथ निर्माण कार्यों और गैरेज जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में पानी का बेतहाशा उपयोग हो रहा है। इसे नियंत्रित करने के लिए नगर निगम ने निर्माण कार्यों और ऑटोमोबाइल सर्विस स्टेशनों पर बोरिंग या नर्मदा जल के उपयोग को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। इसके विकल्प के रूप में निगम ने शहर के 35 अलग-अलग स्थानों पर ट्रीटेड वॉटर के हाईडेंट पॉइंट बनाए हैं, जहां से व्यावसायिक कार्यों के लिए पानी लिया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त कार धोने या किसी भी रूप में पानी का दुरुपयोग करने वालों पर चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञात हो कि निगम ने दो वर्ष पूर्व भी एक लाख वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का बड़ा अभियान चलाया था।निगम प्रशासन ने अब शहर के तमाम आवासीय, व्यावसायिक और औद्योगिक भवनों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य कर दिया है। अभियान के पहले चरण में 600 से अधिक बहुमंजिला इमारतों और बड़े भवनों को चिह्नित कर

नोटिस थमाए गए हैं। आगामी दो महीनों के भीतर निगम ने 15,000 भवनों में यह सिस्टम स्थापित करने का लक्ष्य रखा है और आम नागरिकों से भी इसे स्वेच्छा से अपनाने की अपील की जा रही है।बढ़ती हुई आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए नर्मदा के चौथे चरण का कार्य तो प्रारंभ कर दिया गया है, परंतु सबसे बड़ी चुनौती पानी की वास्तविक उपलब्धता को लेकर बनी हुई है। हालांकि जिम्मेदार अधिकारी यह दावा कर रहे हैं कि पानी की टंकियों को पूर्व की भांति ही भरा जा रहा है, किंतु धरातल पर परिस्थितियां इसके विपरीत नजर आ रही हैं। शहरी क्षेत्रों में जमीन के भीतर पानी का स्तर निरंतर गिरता जा रहा है। इसी गिरावट को रोकने के उद्देश्य से नगर निगम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वॉटर रिचार्जिंग की व्यापक पहल की है।भूजल बोर्ड की हालिया रिपोर्ट में निगम के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दिए हैं। आंकड़ों के अनुसार, पानी का दोहन प्रतिशत 119 से कम होकर 117 पर आ गया है। भविष्य की जरूरतों और जल संकट के स्थाई समाधान के लिए निगम ने लंबी अवधि की योजना पर ध्यान केंद्रित किया है। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल के अनुसार, बड़ी इमारतों में इस प्रणाली को अनिवार्य किया गया है। वर्तमान में लगभग 800 भवन स्वामियों और मल्टी संचालकों ने सूचित किया है कि उन्होंने सिस्टम लगाने का कार्य शुरू कर दिया है।

# नासा का आर्टेमिस 2 मिशन सुरक्षित धरती पर पहुंचा, प्रशांत महासागर में उतरे क्रू के सदस्य

नासा के चंद्र मिशन आर्टेमिस-2 के चारों अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित पृथ्वी पर लौट आए हैं। 10 दिन के सफल अभियान के बाद उनका ओरियन अंतरिक्ष यान प्रशांत महासागर में उतरा। यह लैंडिंग स्थानीय समय अनुसार रात 8:07 बजे और भारतीय समय के अनुसार 11 अप्रैल की सुबह 5:37 बजे हुई। कैलिफोर्निया के सैन डिएगो तट के पास हुई इस लैंडिंग का सीधा प्रसारण भी किया गया।यह आधी सदी से ज्यादा समय बाद इंसानों की पहली चंद्र यात्रा का समापन था। चार सदस्यीय दल के लिए यह एक ऐतिहासिक वापसी रही। मिशन के दौरान उन्होंने चंद्रमा के उस हिस्से को देखा, जिसे पहले कभी इंसानों ने नहीं देखा था। साथ ही उन्होंने पूर्ण सूर्य ग्रहण का भी अनुभव किया।कमांडर रीड वाइजमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन तेज रफ्तार से पृथ्वी के वातावरण में दाखिल हुए। उनकी गति आवाज की गति से 33 गुना थी। उनका ओरियन कैप्सूल 'इंटेग्रिटी' स्वचालित तरीके से



समुद्र में उतरा। वापसी के दौरान कैप्सूल बेहद गर्म गैसीय परत से घिर गया और कुछ मिनटों के लिए संपर्क भी टूट गया। इस दौरान सुरक्षा कवच पर सबकी नजर थी, जिसे बहुत ज्यादा तापमान सहना था।

**बचाव टीम पहले से तैयार थी**

सैन डिएगो तट के पास बचाव दल पहले से तैनात था। जहाज और हेलीकॉप्टर मौके पर मौजूद रहे। 1972 के बाद यह पहला मौका है, जब इस तरह चंद्र मिशन से वापसी हुई है। अंतरिक्ष यान बेहद तेज गति से लौटा। लेकिन धीरे-धीरे रफ्तार कम करते हुए सुरक्षित समुद्र में उतर गया।

**चंद्र अभियानों के नए दौर की शुरुआत**

यह मिशन 1 अप्रैल को फ्लोरिडा से प्रक्षेपित किया गया था। इसने चंद्र अभियानों के नए दौर की शुरुआत की है। इसे भविष्य में चंद्रमा पर स्थायी ठिकाना बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। हालांकि, यह मिशन चंद्रमा पर उतरा नहीं। लेकिन इसने दूरी का नया रिकॉर्ड बनाया। अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी से अब तक की सबसे ज्यादा दूरी तक पहुंचे।नासा के अनुसार, इस मिशन ने गहरे अंतरिक्ष में मानव अभियान की वापसी को मजबूत किया है। अंतरिक्ष यात्रियों ने करीब 2.48 लाख मील की यात्रा की और सबसे दूर के बिंदु पर 2.52 लाख मील तक पहुंचे। यह उपलब्धि अपोलो-13 के पुराने रिकॉर्ड से भी आगे निकल गई।अधिकारियों के मुताबिक, यह 10 दिन का अभियान अंतरिक्ष यान और रॉकेट की क्षमता को परखने के लिए किया गया था। इसमें चंद्रमा के पास से गुजरना भी शामिल था, जो आने वाले अभियानों के लिए बेहद जरूरी है।नासा की अधिकारी डॉ. लोरी ग्लेज ने कहा कि यह सफलता दिखाती है कि एजेंसी लगातार नई सीमाओं को पार कर रही है। अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन ने कहा कि यह उपलब्धि पुराने अभियानों की विरासत को आगे बढ़ाती है

## गाजा में मदद रोकने पर संयुक्त राष्ट्र न्यायालय में सुनवाई शुरू, इस्राइली विदेश मंत्री ने बताया उत्पीड़न

गाजा में मानवीय मदद रोकने के इस्राइल के कदम के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र न्यायालय में सुनवाई शुरू हो गई है। गाजा में इस्राइल के कब्जे वाले क्षेत्रों में फलस्तीनी नागरिकों की तत्काल आवश्यक मानवीय सहायता रोके जाने दिक्कत बढ़ गई है। संयुक्त राष्ट्र न्यायालय में हो रही सुनवाई को इस्राइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने उत्पीड़न करार दिया है। गाजा में इस्राइल ने दो मार्च से खाद्य, ईंधन, दवा और अन्य मानवीय आपूर्ति के प्रवेश को रोक दिया है। इसके अलावा इस्राइल ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी को अपने क्षेत्र में कार्य करने से रोक दिया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा समेत कई देशों ने इस्राइल के कदम के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र न्यायालय का रुख किया है। महासभा ने फलस्तीनी नागरिक आबादी के अस्तित्व के लिए आवश्यक तत्काल आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करने और सुविधा प्रदान करने के लिए कब्जे वाले क्षेत्रों में इस्राइल के दायित्वों पर एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने की मांग की है। इस मामले को लेकर संयुक्त राष्ट्र न्यायालय में सुनवाई शुरू हो गई है। इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने इस सुनवाई को अपने देश के व्यवस्थित उत्पीड़न और अवैधीकरण का हिस्सा बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंधु नहर प्रोजेक्ट : एक बार फिर पीपीपी ने दी शरीफ सरकार से बाहर निकलने की धमकी

इस्लामाबाद । पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने कहा कि अगर कॉमन इंटरेस्ट्स काउंसिल (सीसीआई) की आगामी बैठक में सिंधु नहर संबंधी मुद्दे का समाधान नहीं हुआ तो वह संघीय सरकार से बाहर निकल जाएगी और अपना समर्थन वापस ले लेगी।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, सिंधु नदी पर छह नहरों के निर्माण के मुद्दे पर आम सहमति बनाने के लिए 2 मई को सीसीआई की बैठक बुलाई गई थी।

बता दें सिंधु नदी पर नहरों के निर्माण का भारी विरोध हो रहा है विशेष तौर पर सिंध प्रांत ने जहां प्रदर्शनों का सिलसिला रुक नहीं रहा है।

पीपीपी नेता और सिंध के ऊर्जा मंत्री नासिर शाह ने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, अगर सीसीआई की बैठक में नहरों का मुद्दा नहीं सुलझा तो पीपीपी सरकार से अलग हो जाएगी।

नासिर शाह के नेतृत्व में पीपीपी प्रतिनिधिमंडल ने सरकार में अपने गठबंधन सहयोगी मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के साथ बैठक की। उन्होंने एमक्यूएम नेताओं से अनुरोध किया कि वे रिक्त सीट के लिए आगामी सीनेट उपचुनाव से अपना उम्मीदवार वापस ले लें।

एमक्यूएम-पी के साथ बैठक के बाद शाह ने कहा कि नहर मुद्दे ने पूरे प्रांत के लोगों को एकजुट कर दिया है, क्योंकि यह सिंध के लिए काफी अहम है।

शाह ने कहा, हम जानते हैं कि अगर पीपीपी सरकार से बाहर निकलती है, तो वह चल नहीं सकती है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि सरकार नहर मुद्दे पर अपना वादा पूरा करेगी।

पाकिस्तानी सरकार ने ग्रीन पाकिस्तान इनिशिएटिव के तहत 3.3 अरब डॉलर की लागत से छह नहरों का निर्माण करने की योजना बनाई है, जिससे दक्षिण पंजाब में 12 लाख एकड़ कथित बंजर भूमि को सिंचित किया जाएगा। हालांकि, सिंध प्रांत ने इस फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। सिंध सरकार और प्रांत को को आशंका है कि इन नहरों के निर्माण से सिंधु नदी से उसके हिस्से का पानी कम हो जाएगा।

# पहलगाम आतंकी हमला : 'निष्पक्ष जांच' की पाकिस्तानी मांग का चीन ने किया समर्थन

बीजिंग । चीन ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान की ओर से की मांग का समर्थन करते हुए निष्पक्ष जांच की वकालत की है। लगातार पाकिस्तान की ओर से भी इसे लेकर दलील पेश की जा रही है। वह डिमांड कर रहा है कि इसकी जांच भारत-पाक नहीं बल्कि तीसरे पक्ष के तौर पर अंतरराष्ट्रीय समिति करे। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 निहत्थे लोगों की हत्या कर दी गई थी। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार से रविवार को फोन पर बात कर समर्थन दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन, कश्मीर क्षेत्र में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और निष्पक्ष जांच की शीघ्र शुरुआत का समर्थन करता है। वह उम्मीद करता है कि दोनों पक्ष संयम बरतेंगे, एक-दूसरे की ओर बढ़ेंगे और तनाव कम करने के लिए काम करेंगे। वांग ने कहा कि आतंकवाद से लड़ना सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है और चीन लगातार पाकिस्तान की आतंकवाद विरोधी कार्रवाई का समर्थन करता है।उन्होंने कहा कि एक मजबूत दोस्त और हर मौसम में रणनीतिक सहयोगी साझेदार के तौर पर चीन पाकिस्तान की वैध सुरक्षा चिंताओं को पूरी तरह समझता है और उसकी संप्रभुता और सुरक्षा हितों को बनाए रखने के उसके प्रयासों का समर्थन करता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने भी बताया कि इशाक डार ने वांग यी को वर्तमान क्षेत्रीय स्थिति के बारे में जानकारी दी।



वॉशिंगटन में बनेगा विजयी मेहराब: शेर-चील और सुनहरी प्रतिमाएं होंगी खास आकर्षण; 250 फीट ऊंचा का होगा भव्य आर्च

# यमन की राजधानी पर अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत

सना । यमन की हूती-नियंत्रित राजधानी सना पर हाल में हुए अमेरिकी हवाई हमलों में आठ लोगों की मौत हो गई। हूती-संचालित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एक बयान में यह जानकारी साझा की।अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस हमले में दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। उत्तरी सना के बानी अल-हरिथ जिले में अमेरिकी लड़ाकू विमानों की बमबारी में तीन घरों के मलबों में दबे लोगों की तलाश बचाव दल द्वारा की जा रही है।समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने बताया कि रविवार को पूरे उत्तरी यमन में राजधानी सहित कई स्थानों पर लगभग 20 अमेरिकी हवाई हमले किए गए।दावा किया गया कि इस हवाई हमले में दक्षिणी और उत्तरी सना में दो घरों को निशाना बनाया गया था, जिसमें कथित तौर पर दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए थे।अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पहले कहा था कि हूती नेतृत्व को टारगेट करने के उद्देश्य से यह हमला था।15 मार्च को वाशिंगटन की ओर से यमन में हूती ठिकानों पर हवाई हमले फिर से शुरू करने के बाद से हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तेजी से बढ़ गया है।

# पहलगाम हमले के बाद पाक में उतरे कई हरक्यूलिस विमान, चीन के बाद कौन कर रहा सैन्य मदद?

इस्लामाबाद ,। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच गहराए तनाव के बीच, पाकिस्तान को अपने करीबी सहयोगी देशों तुर्की और चीन से सैन्य मदद मिलती दिख रही है। सीमा पर लगातार चौथी रात पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी और भारतीय जवानों द्वारा दिए गए मुंहतोड़ जवाब के बीच, तुर्की के सैन्य विमानों का पाकिस्तान पहुंचना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।रिपोर्टों के अनुसार, रविवार, 27 अप्रैल को तुर्की वायु सेना के सी-130 हरक्यूलिस सैन्य परिवहन विमान कराची में उतरा, जिसमें युद्ध सामग्री लदी थी। इसके बाद, छह और तुर्की सी-130 विमान इस्लामाबाद के एक सैन्य अड्डे पर पहुंचे। पाकिस्तान इसे भारत से तनाव के बीच अपने लिए एक अहम सैन्य सहायता मान रहा है। हालांकि, इन विमानों में लाई गई सैन्य सामग्री की पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। तुर्की से सैन्य मदद ऐसे समय में आई है जब हाल ही में चीन द्वारा भी पाकिस्तान को घातक हथियार दिए जाने की खबरें हैं। बताया जा रहा है कि चीन ने पाकिस्तान को ड्रोन जैसे रक्षा उपकरण भेजे हैं। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट्स में यह भी सामने आया है कि पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) को चीन से अत्याधुनिक पीएल-15 बहुत लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइलों की त्वरित डिलीवरी मिली है। पीएएफ ने अपने नए जेएफ-17 ब्लॉक III लड़ाकू विमानों की तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें ये मिसाइलें लगी दिख रही हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि तुर्की, पाकिस्तान और चीन के बीच बढ़ता यह सैन्य सहयोग दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है।

# पाकिस्तान की अब खैर नहीं, भारत ने फ्रांस के साथ की 26 राफेल मरीन की डील

इस्लामाबाद । हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच, भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। भारत ने आज फ्रांस के साथ भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-एम (मरीन) लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए लगभग 63,000 करोड़ रुपये के मेगा सौदे पर हस्ताक्षर किए। इस सौदे को पाकिस्तान के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है।यह डील ऐसे समय में हुई है जब पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इस हमले में 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी और भारत ने इसके लिए सीधे तौर पर पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। भारत सरकार पहले ही पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठा चुकी है, जिसमें अटारी सीमा पर व्यापार बंद करना भी शामिल है। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और 4 ट्विन-सीटर राफेल-एम जेट्स मिलेंगे। ये विमान भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोतों, विशेष रूप से आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य पर तैनात किए जाएंगे। राफेल-एम जेट्स नौसेना के मौजूदा मिग-29के बेड़े का स्थान लेंगे और समुद्र में भारत की मारक क्षमता में वृद्धि करेंगे

राफेल-एम जेट्स अपनी उन्नत तकनीक, बहुमुखी प्रतिभा और युद्ध क्षमताओं के लिए जाने जाते हैं। ये विमान दुश्मन के ठिकानों को सटीकता से निशाना बनाने, हवाई श्रेष्ठता हासिल करने और समुद्री निगरानी में अत्यंत प्रभावी हैं। इन जेट्स के भारतीय नौसेना में शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की सामरिक स्थिति और मजबूत होगी।

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि राफेल-एम डील से पाकिस्तान की चिंताएं बढ़नी स्वाभाविक हैं, क्योंकि ये विमान भारतीय नौसेना को पश्चिमी नौसेना कमान के साथ-साथ पूर्वी नौसेना कमान में भी महत्वपूर्ण ताकत प्रदान करेंगे, जिससे पाकिस्तान नौसेना की गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से नजर रखी जा सकेगी। इस सौदे से क्षेत्र में शक्ति संतुलन भारत के पक्ष में झुकने की उम्मीद है। इस खरीद में विमानों के साथ-साथ उनके रखरखाव, लॉजिस्टिक सपोर्ट, पायलटों की ट्रेनिंग और कुछ स्वदेशी निर्माण का पैकेज भी शामिल है। यह सौदा भारत और फ्रांस के बीच मजबूत होते रणनीतिक और रक्षा संबंधों को भी दर्शाता है। भारतीय वायुसेना पहले से ही 36 राफेल विमानों का संचालन कर रही है, और इस नई डील के साथ भारत के कुल राफेल बेड़े की संख्या 62 हो जाएगी। इन विमानों की डिलीवरी अगले कुछ वर्षों में शुरू होने और 2031-32 तक पूरी होने की उम्मीद है।

## भारत से तनाव के बीच चीन के पैरों में गिरा पाकिस्तान, मांग रहा 10 अरब युआन का कर्ज

इस्लामाबाद । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंधों में आए भारी तनाव के बीच, पाकिस्तान एक बार फिर आर्थिक मदद के लिए अपने करीबी दोस्त चीन की ओर देख रहा है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने चीन से 10 अरब युआन (लगभग 1.4 अरब डॉलर) का अतिरिक्त कर्ज मांगा है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट में पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान ने चीन से अपनी मौजूदा 'स्वैप लाइन' (दो देशों के केंद्रीय बैंकों के बीच मुद्रा अदला-बदली का समझौता) को 10 अरब युआन तक बढ़ाने का अनुरोध किया है। वित्त मंत्री औरंगजेब ने अमेरिका के वाशिंगटन में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की बैठकों के दौरान रॉयटर्स को दिए एक साक्षात्कार में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के पास पहले से ही चीन के साथ 30 अरब युआन की स्वैप लाइन है। पाकिस्तान ने उम्मीद जताई है

## सऊदी अरब ने पाक को फिर दिखाई 'औकात', हज पर भी नहीं जा पाएंगे ये 67000 पाकिस्तानी

इस्लामाबाद । पहलगाम हमले के बाद भारत के संभावित जवाब के डर से कांप रहे पाकिस्तान के लिए अब सऊदी अरब से भी एक बुरी खबर आई है। हज यात्रा 2025 शुरू होने से पहले सऊदी सरकार ने एक ऐसा कदम उठाया है जिससे 67 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी निजी हज यात्री इस साल हज के लिए नहीं जा पाएंगे। इसे पाकिस्तान के लिए एक और बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर तब जब पाकिस्तान 29 अप्रैल को हज के लिए अपनी पहली उड़ान रवाना करने वाला है। रिपोर्टों के अनुसार, इस साल निजी हज कार्यक्रम के तहत कुल 90,830 पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों को हज यात्रा करनी थी, लेकिन सऊदी सरकार द्वारा संख्या सीमित किए जाने के कारण अब सिर्फ 23,620 पाकिस्तानी ही निजी तौर पर हज के लिए जा सकेंगे। धार्मिक मामलों के मंत्रालय के मुताबिक, इसका मतलब है कि इस साल निजी श्रेणी के तहत आवेदन करने वाले हर चार में से तीन पाकिस्तानी तीर्थयात्री हज के पवित्र अवसर से वंचित रह जाएंगे। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान 29 अप्रैल को इस्लामाबाद से सऊदी अरब के लिए पहली हज उड़ान रवाना करने की तैयारी कर रहा है, जो पाकिस्तान के हज संचालन 2025 की शुरुआत का प्रतीक होगी। सऊदी अरब के इस कदम से 67,210 पाकिस्तानी निजी हज यात्रियों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल छा गए हैं। सूत्रों का कहना है कि इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री के निर्देश पर एक जांच समिति का गठन किया गया था, लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय ने भी स्पष्ट किया है कि वे हज 2025 के तीर्थयात्रियों के लिए सऊदी अरब से कोई विशेष रियायत हासिल नहीं कर सके हैं। अब सवाल यह है कि हज यात्रा से वंचित रह गए इन 67,210 निजी तीर्थयात्रियों का क्या होगा, जिसका जवाब फिलहाल पाकिस्तानी सरकार के पास नहीं है।

## संपादकीय

# भारत उदय के कथानक को फिर झटका

प्रगति का एकमात्र सार्थक पैमाना लोगों के जीवन स्तर में सुधार है। साफ हवा, पानी, पर्याप्त भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा और चिकित्सा मुहैया कराने के लिहाज से अर्थव्यवस्था का आकार महत्त्वपूर्ण है, लेकिन यह निर्णायक पहलू नहीं है।

सकल घरेलू उत्पाद के लिहाज से भारत उदय के कथानक को फिर झटका लगा है। चौथे स्थान पर पहुंचने के बाद भारत अब फिसल कर छठे नंबर पर जा गिरा है। जब भारत ने जीडीपी मापने की नई श्रृंखला अपनाई, तो उसके तहत हुई गणना में वह जापान से पिछड़ कर पांचवें नंबर पर दर्ज हुआ। अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2025 के आंकड़ों के मुताबिक वह ब्रिटेन से भी नीचे हो गया है। ऐसा रुपये की कीमत में भारी गिरावट के कारण हुआ है। जीडीपी का आकलन देशों की अपनी मुद्रा में होता है। फिर तत्कालीन विनिमय दर के आधार पर अमेरिकी डॉलर में उसका मूल्य आंका जाता है। 2024 के अंत में एक डॉलर की कीमत 84.6 रुपये थी, जो 2025 के अंत में 88.5 रुपये हो गई। इस तरह डॉलर में भारत के जीडीपी का मूल्य घट गया। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2025 के अंत में भारत की जीडीपी 3.92 ट्रिलियन डॉलर थी, जबकि ब्रिटेन की चार ट्रिलियन और जापान की 4.44 ट्रिलियन डॉलर थी। तीसरे नंबर स्थित जर्मनी की अर्थव्यवस्था 4.7 ट्रिलियन रही, जबकि 19.6 ट्रिलियन के साथ चीन दूसरे और 30.8 ट्रिलियन डॉलर के साथ अमेरिका पहले नंबर पर रहा। डॉलर की आज की कीमत पर गणना की जाए, तो भारत के जीडीपी का मूल्य संभवतः और भी कम होगा। यानी पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और तीसरे नंबर पर पहुंचने की दौड़ फिलहाल उलटी दिशा में मुड़ गई है। 2024 के अंत में एक डॉलर की कीमत 84.6 रुपये थी, जो 2025 के अंत में 88.5 रुपये हो गई। इस तरह डॉलर में भारत के जीडीपी का मूल्य घट गया। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2025 के अंत में भारत की जीडीपी 3.92 ट्रिलियन डॉलर थी, जबकि ब्रिटेन की चार ट्रिलियन और जापान की 4.44 ट्रिलियन डॉलर थी। तीसरे नंबर स्थित जर्मनी की अर्थव्यवस्था 4.7 ट्रिलियन रही, जबकि 19.6 ट्रिलियन के साथ चीन दूसरे और 30.8 ट्रिलियन डॉलर के साथ अमेरिका पहले नंबर पर रहा। डॉलर की आज की कीमत पर गणना की जाए, तो भारत के जीडीपी का मूल्य संभवतः और भी कम होगा। यानी पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने और तीसरे नंबर पर पहुंचने की दौड़ फिलहाल उलटी दिशा में मुड़ गई है। बहरहाल, ये दौड़ बेमतलब है। ऐसे आंकड़ों के आधार पर बनाए गए कथानक असल में अर्थव्यवस्था की मूलभूत कमियों पर परदा डालने के लिए तैयार किए गए हैं। आर्थिक प्रगति का एकमात्र सार्थक पैमाना लोगों के जीवन स्तर में सुधार ही हो सकता है। लोगों को साफ हवा, पानी, पर्याप्त भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा और चिकित्सा मुहैया कराने के लिहाज से अर्थव्यवस्था का आकार महत्त्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन यह निर्णायक पहलू नहीं है। असल में प्रति व्यक्ति जीडीपी का पैमाना भी नाकाफी है, क्योंकि इस औसत में आर्थिक विषमता की वास्तविक स्थिति की झलक नहीं मिलती। वैसे इस कसौटी पर भारत दुनिया 140वें नंबर पर है। बहरहाल, ये दौड़ बेमतलब है। ऐसे आंकड़ों के आधार पर बनाए गए कथानक असल में अर्थव्यवस्था की मूलभूत कमियों पर परदा डालने के लिए तैयार किए गए हैं। आर्थिक प्रगति का एकमात्र सार्थक पैमाना लोगों के जीवन स्तर में सुधार ही हो सकता है। लोगों को साफ हवा, पानी, पर्याप्त भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा और चिकित्सा मुहैया कराने के लिहाज से अर्थव्यवस्था का आकार महत्त्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन यह निर्णायक पहलू नहीं है। असल में प्रति व्यक्ति जीडीपी का पैमाना भी नाकाफी है, क्योंकि इस औसत में आर्थिक विषमता की वास्तविक स्थिति की झलक नहीं मिलती। वैसे इस कसौटी पर भारत दुनिया 140वें नंबर पर है।

# संभल जाऐं, बच्चों के भाषा विकास में मोबाइल न बन जाऐ बाधक

2007 में स्मार्टफोन आया व लोगों के रोजमर्रा की जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। यह बच्चों के भाषा विकास को प्रभावित करता है। माता-पिता अपने बच्चों की उपस्थिति में स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं तो उनका ध्यान फोन पर ही केंद्रित होता है। जिसके कारण माता-पिता और बच्चों के बीच बातचीत में बाधा उत्पन्न होती है। माता-पिता की स्क्रीन आदतें बच्चों के भाषा सीखने में 16त्न तक की कमी ला सकती हैं। शिशु अवस्था व बचपनावस्था मूलभूत भाषा कौशल सीखने के लिए महत्वपूर्ण समय होता है। छोटे बच्चे अपने माता-पिता से ही नहीं बल्कि अपने आसपास के लोगों से, खिलौनों से व किताबों सिखते हैं। स्क्रिन वन-वे कम्युनिकेशन है। 0-2 वर्ष तक स्क्रीन टाइम शून्य और 2-5 वर्ष तक अधिकतम 1 घंटा होना चाहिए।

बच्चों के भाषा विकास पर मोबाइल के उपयोग का नकारात्मक प्रभाव पडता है। जैसे- सुनने में देरी, बोलने में देरी, ध्यान की कमी, शब्दावली में कमी व संवाद कौशल कमजोर होना। स्क्रीन टाइम अधिक होने के कारण बच्चों का माता -पिता व अन्य के साथ बातचीत कम होती है, जो भाषा विकास में बाधा डालती है। स्क्रीन वातावरण में सीखी गई जानकारी को वास्तविक दुनिया में उपयोग करना बच्चों के लिए बेहद मुश्किल होता है, क्योंकि उनमें यह क्षमता लगभग तीन साल की उम्र में विकसित नहीं होती। इससे कम उम्र के बच्चों में एक संदर्भ से दूसरे संदर्भ में सीखने को स्थानांतरित करने की क्षमता की कमी होती है।

भाषा विकास में मोबाइल का नकारात्मक प्रभाव:-

बोलने में देरी:- स्क्रीन समय का अधिक होना (प्रतिदिन 1 घंटे से अधिक) बच्चों में भाषा के खराब विकास, अभिव्यक्ति व भाषा कौशल में कठिनाई उत्पन्न करता है। बच्चे देर से बोलना शुरू करते हैं।

संवाद में कमी:- जब बच्चे स्क्रीन पर अधिक लगे रहते हैं, तो वे वयस्कों से कम बातचीत करते हैं और भाषा का आदान-प्रदान कम होता है जो भाषा सीखने के लिए आवश्यक है।

माता-पिता से जुड़ाव में कमी :- माता-पिता द्वारा फोन का उपयोग करने से बच्चों के साथ उनकी बातचीत कम होती है, जिससे बच्चों का भाषा विकास प्रभावित होता है। माता-पिता से सांवेगिक लगाव कम होता है जो आगे चलकर भाषा विकास को प्रभावित करता है

तकनीकी हस्तक्षेप:- अधिक

स्क्रीन समय माता-पिता और बच्चों के बीच की बातचीत को बाधित करता है, जिससे छोटे बच्चों के भाषा विकास पर असर पड़ता है स्मार्टफोन के उपयोग से माता-पिता की प्रतिक्रियाशीलता कम हो जाती है, जिससे मौखिक व गैर-मौखिक बातचीत में बाधा आती है।

ध्यान केंद्रित करने में कमी:-

स्क्रीन की लत के कारण बच्चे बोरियत महसूस करते हैं और लोगों से बातचीत करने में रुचि नहीं लेते, जिससे संवाद कौशल विकसित नहीं होता है। मीडिया में अनेक ऐसे तत्व होते हैं जो शैक्षिक सामग्री से बच्चों का ध्यान भटकाते हैं, सीखने की क्षमता को कम करते हैं।

शब्दों सीखने में देरी:-

शोध बताते हैं कि हर 30 मिनट का मोबाइल स्क्रीन टाइम बच्चों में स्पीच डिले का जोखिम 49त्न तक बढ़ाता है। बच्चे शब्दों को देर से सीखते हैं और बोलते हैं।

भाषा समझने में कठिनाई:- प्रतिदिन 2 घंटे से अधिक स्क्रीन टाइम से बच्चों में भाषा को समझने व अभिव्यक्त करने की क्षमता कम होती है।

सीखने में बाधा:- मोबाइल चलाना व वीडियो देखना, बच्चों की सामाजिक और संज्ञानात्मक समझ को कम करता है क्योंकि वे सक्रिय बातचीत नहीं करते हैं। उनके नए कौशलों के सीखने की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होता है।

कमजोर संज्ञानात्मक कौशल:- स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने से बच्चों के सोचने, समझने, समस्या समाधान के कौशल और याद रखने की क्षमता पर नकारात्मक असर पड़ता है।

भाषा विकास के उपाय:-

बातचीत करें:- बच्चा जब छोटा हो (शिशु अवस्था) तभी से उससे बातें करना शुरू करें। दिनचर्या के कार्यों (नहलाना, खिलाना व अन्य) के बारे में बोलकर बताएं।

जोर जोर से पढ़कर सुनाएं:- रोजाना चित्र वाली किताबें पढ़कर बच्चे को सुनाऐ। तस्वीरों को उंगली से दिखाकर उनके नाम बताएं।

सुने व प्रतिक्रिया दें:- जब बच्चा बड़बड़ाए या तुतलाकर कुछ बोले, तो उसे ध्यान से सुनें और जवाब दें। इससे उन्हें बोलने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा।

खुला प्रश्न पूछें:- हां या ना वाले प्रश्नों के बजाय, उनसे ऐसे सवाल करें जिनका उत्तर लंबा हो, जैसे- आज स्कूल में क्या मज़ेदार हुआ?।

कविताएं पढ़ें:- बच्चों के साथ गाने गाएं व तुकबंदी वाली कविताएं पढ़ें। यह नए शब्द और लय सीखने में मदद करता है।

चीजों का नाम बताएं:- घर में या बाहर घूमते समय वस्तुओं, रंगों और क्रियाओं के नाम दोहराएं।

इशारों का उपयोग:- बोलते समय हाथों के इशारों और हाव-भाव का प्रयोग करें इससे बच्चों को बात को समझना आसान होता है।

दुहराऐं नहीं:- यदि बच्चा किसी शब्द का गलत उच्चारण करता है या तुतला कर बोलता है तो अभिभावक उसे दोहराऐं नहीं इससे गलत उच्चारण और मजबूत होता है बल्कि बार-बार उस शब्द का सही उच्चारण बच्चों के सामने करें ताकि वे सही उच्चारण सीख सके।

माता-पिता के लिए सुझाव:-

स्क्रीन टाइम सीमित करें:- 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का स्क्रीन समय प्रतिदिन 1 घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए स्क्रीन समय शून्य रखें।

आमने-सामने बातचीत:- मोबाइल की जगह बच्चों से बातें करें, कहानियाँ सुनाएं और उनके साथ खेलें। बच्चे स्क्रीन से नहीं, इंसान से संवाद करके भाषा सीखते हैं।

तकनीकी हस्तक्षेप से बचें:- बच्चे के साथ रहने के दौरान फोन का इस्तेमाल कम से कम करें क्योंकि मोबाइल के कारण 16त्न तक कम बातचीत होती है।

खाना खाते समय फोन न चलाऐं:- भोजन करते समय फोन का इस्तेमाल न करें, यह बच्चों के साथ जुड़ने का महत्वपूर्ण समय है।

सोने से पहले स्क्रीन बंद:- सोने से कम से कम एक घंटा पहले मोबाइल बंद कर दें, क्योंकि इसकी नीली रोशनी नींद में बाधा डालती है।

डिजिटल डिटॉक्स:- घर में कुछ स्थान जैसे बेडरूम, पूजा घर, अध्ययन कक्ष व डाइनिंग टेबल को फोन-फ्री जोन बनाएं।

मोबाइल ब्रत- प्रतिदिन कुछ घंटे तथा सप्ताह में एक दिन मोबाइल न चलाने का नियम बनाएं तथा घर के सभी सदस्य इसका पालन करें।

शिक्षकों के लिए सुझाव:-

डिजिटल साक्षरता:- बच्चों को तकनीक के उपभोक्ता के बजाय निर्माता बनना सिखाएं (जैसे- कोडिंग, डिजिटल स्टोरीटेलिंग)।

फोन-मुक्त क्षेत्र:- कक्षा में फोन-मुक्त क्षेत्र या समय निर्धारित करें जैसे- लंच या ग्रुप डिस्कशन के दौरान।

## व्यापार

# पेटीएम ने एफवाई26 में पहली बार पूरे साल मुनाफ़ा कमाया, रेवेन्यू बढ़कर 8,437 करोड़ पहुंचा

**भोपाल, 7 मई 2026:** पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने वित्त वर्ष 2026 में पहली बार पूरे साल का मुनाफ़ा दर्ज किया है। कंपनी का कुल रेवेन्यू 22% बढ़कर 8,437 करोड़ रहा, जबकि (शुद्ध लाभ) 552 करोड़ और ईबीआईटीडीए 502 करोड़ रहा। कंपनी ने बताया कि यह वृद्धि उपभोक्ता और व्यापारी भुगतान सेवाओं में बढ़ती हिस्सेदारी और, आधारित लागत बचत की वजह से हुई है। मार्च 2026 तिमाही में पेटीएम का ऑपरेटिंग रेवेन्यू 2,264 करोड़ रहा, जो साल-दर-साल 18% बढ़ा। इस दौरान कंपनी का मर्चेंट जीएमवी 27% बढ़कर 6.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया। पेटीएम के सब्सक्रिप्शन मर्चेंट्स की संख्या बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई, जिसमें पिछले एक साल में 27 लाख नए व्यापारी जुड़े। वित्तीय सेवाओं के वितरण से होने वाली आय 38% बढ़कर 750 करोड़ पहुंच गई। कंपनी ने व्यापारी और उपभोक्ता लोन वितरण में मजबूत वृद्धि दर्ज की। वहीं, पेटीएम का यूपीआई भुगतान कारोबार भी तेजी से बढ़ा, जहां ग्राहक यूपीआई जीटीवी 46% बढ़कर 5.5 लाख करोड़ हो गया और मासिक ट्रांजैक्शन करने वाले यूजर्स की संख्या बढ़कर 7.7 करोड़ पहुंच गई।

### सपाट पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 100 अंक टूटा, निफ्टी 24,935 पर

मुंबई, । कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार लाल निशान पर खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 100 अंकों की गिरावट के साथ 81,695.39 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ 24,935.70 पर खुला. कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 677 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 81,796.15 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.92 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 24,946.50 पर बंद हुआ. एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन, हीरो मोटोकॉर्प, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सिप्ला के शेयरों में 3 फीसदी तक की तेजी आई.कारोबार के दौरान निफ्टी पर एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि टाटा मोटर्स, डॉ रेड्डीज लैब्स, सन फार्मा, अदानी पोर्ट्स, जियो फाइनेंशियल के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे. सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में कारोबार किए, जिसमें कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल, आईटी, रियल्टी, एफएमसीजी 0.4-1 फीसदी उछाल आया. बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.6 फीसदी ऊपर रहे, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स सपाट पर बंद हुआ. इजरायल-ईरान संघर्ष के बढ़ने से दो दिन की गिरावट के बाद सोमवार को एशियाई बाजारों में बढ़त और घरेलू अस्थिरता में कमी के कारण बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक में उछाल आया.जबकि टाटा मोटर्स, डॉ रेड्डीज लैब्स, सन फार्मा, अदानी पोर्ट्स, जियो फाइनेंशियल के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे. सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में कारोबार किए, जिसमें कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल, आईटी, रियल्टी, एफएमसीजी 0.4-1 फीसदी उछाल आया. बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.6 फीसदी ऊपर रहे, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स सपाट पर बंद हुआ.

# अब सिर्फ 10 से 15 सेकंड में होगा यूपीआई पेमेंट, लागू हुआ नया नियम

नई दिल्ली, । यूपीआई ट्रांजेक्शन और तेज हो गए हैं. नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने अब आदेश दिया है कि यूपीआई पेमेंट के लिए एड्रेस वेरिफिकेशन 10 सेकंड के भीतर पूरा हो जाना चाहिए. यूपीआई एक रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम है जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए इंटर-बैंक ट्रांजेक्शन को आसान बनाने के लिए विकसित किया है. एनपीसीआई की ओर से जारी सर्कुलर के मुताबिक, मनी ट्रांसफर, स्टेटस चेक, रिवर्सल समेत सभी ट्रांजेक्शन अब 10 से 15 सेकंड में पूरे हो जाएंगे. पहले यह समय 30 सेकंड था. सोमवार से लागू हो गया है. यानी अब यूपीआई पेमेंट करते समय एड्रेस वेरिफिकेशन सिर्फ 10 सेकंड में हो जाएगा. पहले यह समय 15 सेकंड था. एनपीसीआई ने बताया कि ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से ये बदलाव लाए गए हैं. एनपीसीआई के एक अन्य सर्कुलर के मुताबिक, जल्द ही यूपीआई अकाउंट में बैलेंस चेक करने की सीमा तय की जाएगी. फिलहाल ग्राहक अपने अकाउंट में जितनी बार चाहें, बैलेंस चेक कर सकते हैं. लेकिन जल्द ही यह सीमा दिन में केवल 50 बार चेक करने की होगी. ऐसा लगता है कि ऐसा यूपीआई सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है. मई में यूपीआई के माध्यम से किए गए लेनदेन की संख्या 33 फीसदी बढ़कर 1,868 करोड़ रुपये हो गई, जबकि कुल मूल्य 23 फीसदी बढ़कर 25.14 लाख करोड़ रुपये हो गया. इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए कि यूपीआई लेनदेन में कोई समस्या न हो और उपभोक्ताओं में यह विश्वास पैदा हो कि पैसा सही लाभार्थी को भेजा जा रहा है, एनपीसीआई ने आदेश दिया है कि केवल अंतिम लाभार्थी का नाम ही प्रदर्शित किया जाए. इसके अलावा एनपीसीआई ने यूपीआई ऐप्स को किसी भी ऐसी सुविधा को अक्षम करने का निर्देश दिया है

जो उपयोगकर्ताओं को ऐप इंटरफेस में लेनदेन के उद्देश्यों के लिए अपना लाभार्थी नाम बदलने की अनुमति देती है. यह स्पष्ट किया गया है कि इसे यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र के सभी हितधारकों द्वारा 30 जून तक लागू किया जाना चाहिए.

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराना, क्रिकेट के लिए शुभ संकेत

शनिवार को टेस्ट चैंपियनशिप के निर्णायक मैच में लॉर्ड के ऐतिहासिक मैदान पर चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर खिताब जीता है और यह 27 वर्ष के इंतजार के बाद साउथ अफ्रीका जीता है।एक तरह से देखा जाय तो यह क्रिकेट खेल की जीत है। साउथ अफ्रीका टीम कई बार एक दिवसीय विश्व कप में कभी फाइनल में तो कभी सेमीफाइनल में हार कर बाहर हो गई।ऐसा 1999,2003,2007, में हुआ।उस टीम में एलन डॉनल्ड, हडसन,गिब्स, जोंटी रोड्स, शॉन पोलॉक, गैरी क्रिस्टन, ग्रीन स्मिथ, और महान ऑलराउंडर जैक कैलिस, ए बी डिविलियर्स थे लेकिन भाग्य साथ नहीं देता था।अबकी बार टेस्ट मैच चैंपियन शिप में डुब्मा की टीम ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता है।

साउथ अफ्रीका की क्रिकेट 19वीं सदी से क्रिकेट खेल रही है और विश्व में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के समकक्ष माना जाता है।

20 वी सदी में साउथ अफ्रीका में जोहानिसबर्ग, डरबन,

न्यूलैंड, सरीखे मैदान बने ।ये क्रिकेट ग्राउंड, लॉर्ड, लीड्स, बर्मिंघम, जॉर्जटाउन, पोर्ट ऑफ स्पेन, मेलबर्न,सिडनी, ऑकलैंड, वेलिंगटन, ब्रिस्बेन, पर्थ, कोलकाता,मुंबई का बनखेड़े, चिन्नास्वामी,आदि जैसे ही है।जिन देशों में इंग्लैंड ने उपनिवेश बनाया वही वही क्रिकेट खेल का विकाश हुआ ।जैसे भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, वेस्ट इंडीज, जिम्बाम्बे,आदि ।भारत में क्रिकेट कुछ इस प्रकार रमा कि पूरी पीढ़ी,युवा, बुजुर्ग क्रिकेट के दीवाने हो गए।भारत में दिल्ली का फिरोजाबाद कोटला मैदान, कानपुर का ग्रीन पार्क, अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम, हैदराबाद का राजीव गांधी, रांची, गोहाटी, धर्मशाला, सूरत, राजकोट, तिरुअनंतपुरम, विशाखापत्तनम,कटक, भुवनेश्वर,में सहित कुल 22 टेस्ट और एकदिवसीय मैचों के मैदान हैं।

साउथ अफ्रीका में रंगभेद नीति के कारण क्रिकेट से 1961 में अलग किया गया था और 1991में जोड़ा गया। साउथ अफ्रीकी टीम में कैपलर वेसल्स,ग्रीम पोलॉक, माइक प्राक्टर

नामक खिलाड़ी इस दौरान टेस्ट ही नहीं खेल पाए क्योंकि टीम प्रतिबंधित थी। टेस्ट चैंपियनशिप का फॉर्मेट ऐसा है कि उसका साइकिल दो साल में पूरा होता है यह तीसरा डब्ल्यूटीसी था।पहला डब्ल्यूटीसी ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर जीता था और दूसरा न्यूजीलैंड ने भी भारत को हराकर जीता था। भारत का क्रिकेट में उदय 1983 में विश्व कप जीतने के बाद हुआ हालांकि भारत टेस्ट मैच खेल रहा है 1944 से ।लेकिन अब इंडिया क्रिकेट का सुपर पावर है। ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, आदि भारत के साथ खेलना इस लिए सबसे अच्छा मानते क्योंकि उस देश को टीवी प्रसारण से सबसे अधिक पैसा मिलता है क्योंकि तब टीआरपी बहुत अधिक होती है। आईसीसी को सबसे अधिक धन भारत ही उपलब्ध करता है।डब्ल्यूटीसी में जीत हासिल करने के बाद साउथ अफ्रीकी टीम का मनोबल ऊंचा होगा और उनसे चोकर्स का टैग कुछ हद तक हट जाएगा। बुमा की टीम की जीत में मकरान और कासिगो रवांडा ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। मार्करन को मन ऑफ द मैच घोषित किया गया। ऑस्ट्रेलिया इस जीत प्रबल दावेदार था लेकिन दूसरी पारी में अधिक स्कोर नहीं बना सका ।इस जीत से वेस्ट इंडीज, जिम्बाम्बे, श्रीलंका, पाकिस्तान क्रिकेट को भी बल मिलेगा क्योंकि इन देशों क्रिकेट मरी हुई है।

# भोपाल पुलिस का जनसंवाद कार्यक्रम




मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने एवं पुलिस-जनता के बीच विश्वास और संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से भोपाल में लगातार जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भोपाल पुलिस कमिश्नरेट, आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज एवं उदय सामाजिक विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में 'सृजन संवाद' जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक पुलिसिंग, महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, नशामुक्ति, कैरियर मार्गदर्शन, जेंडर आधारित भेदभाव, बाल संरक्षण, सामाजिक न्याय एवं बच्चों के पुनर्वास जैसे विभिन्न संवेदनशील विषयों पर विस्तृत संवाद किया गया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया गया तथा सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में कार्यरत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में 'सृजन' पहल के अंतर्गत बच्चों एवं युवाओं को सुरक्षित, सकारात्मक एवं जागरूक वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। संवाद के दौरान बच्चों के मूल अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, पोषण, सामाजिक सुरक्षा, बाल कल्याण, बाल विवाह रोकथाम, नशे से प्रभावित बच्चों के पुनर्वास तथा समुदाय आधारित सुरक्षा उपायों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता प्रदान की गई। 'सृजन संवाद' का मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना एवं युवाओं को अपराध एवं नशे से दूर रखते हुए मुख्यधारा से जोड़ना है। उल्लेखनीय है कि भोपाल पुलिस द्वारा 14 फरवरी 2026 से 05 मई 2026 के मध्य शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगभग 70 जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान आमजन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, असामाजिक तत्वों की गतिविधियां, ट्रैफिक जाम, अव्यवस्थित पार्किंग, पुलिस गश्त, सीसीटीवी निगरानी, रात्रि सुरक्षा, नशा कारोबार, अवैध हथियारों की गतिविधियों एवं सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं। इन समस्याओं के निराकरण हेतु पुलिस द्वारा हॉटस्पॉट क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी निगरानी सुदृढ़ करने, रात्रि पेट्रोलिंग बढ़ाने, महिलाओं से अभद्रता करने वालों पर सख्त कार्रवाई।

## इंदौर से दुबई जाने वाली उड़ान निरस्त, यात्रियों का हंगामा

**इंदौर,** । इंदौर से दुबई जाने वाली उड़ान निरस्त होने के बाद इंदौर विमानतल पर यात्रियों ने हंगामा कर दिया। दरअसल दुबई में भारी बारिश हो रही है। कई स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। इस वजह से दुबई से इंदौर आकर वापस दुबई जाने वाला विमान उड़ान नहीं भर सका। इस कारण इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों ने हंगामा कर दिया। उस विमान से 186 यात्री जाने वाले थे। उधर, उड़ान निरस्त होने के कारण दुबई से इंदौर आने वाले यात्री भी दुबई में फं से हुए हैं। एयर इंडिया की फ्लाइट रात साढ़े दस बजे दुबई से इंदौर आती है और फिर रात 12:40 बजे फिर दुबई के लिए रवाना होती है, लेकिन गुरुवार रात मौसम खराब होने के कारण एयर इंडिया ने दुबई जाने वाली उड़ान अचानक निरस्त कर दी। दुबई जाने का इंतजार कर रहे यात्रियों को पहले लगा कि उड़ान में देरी हो रही है। मौसम साफ होते ही विमान उड़ान भरेगा, लेकिन कंपनी ने उड़ान निरस्त कर यात्रियों को पैसे रिफंड करने की घोषणा कर दी। यात्रियों का कहना था कि अचानक उड़ान निरस्त नहीं की जा सकती है। कई यात्रियों को दुबई से कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ना थी, लेकिन उड़ान निरस्त होने के करना पड़ी। एयरपोर्ट अफसरों का कहना कि दुबई में भारी बारिश हो रही है।

## पार्षद कालरा को बदमाशों ने पीटा, शराब पीने के लिए मांग रहे थे पैसे

**इंदौर,** । जूनी इंदौर के वार्ड 65 के पार्षद कमलेश कालरा को गत रात बदमाशों ने पीट दिया। कालरा का कहना है कि बदमाश अनुज उप्पल उनसे शराब पीने के लिए रुपए मांग रहा था। इस मामले में जूनी इंदौर पुलिस को अवैध वसूली और मारपीट की धाराओं में शिकायत की है। जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक कालरा गत रात करीब 12:10 बजे पड़ोसियों और साथियों के साथ घर के बाहर टहल रहे थे। तभी वहां अनुज उप्पल आया और कहने लगा कि आजकल बहुत पैसा कमा रहे हो। इसके बाद गालियां देने लगा और मारपीट करने लगा। इसे लेकर सभी ने विरोध किया तो अनुज ने दो हजार रुपए शराब पीने के लिये मांगे। मारपीट के दौरान कालरा के कान और चेहरे पर चोट आई हैं। कालरा इंदौर-चार की विधायक मालिनी गौड़ के करीबी बताए जाते हैं। जानकारी के मुताबिक अनुज उप्पल से एक प्रॉपर्टी निर्माण के मामले में पार्षद कालरा की रंजिश चलरही है। कालरा समर्थक एक व्यक्ति की बिल्डिंग से पेड़ काटने और अवैध तरीके से निर्माण करने को लेकर उप्पल ने आपत्ति ली थी। विवाद के पीछे यही मामला बताया जा रहा है। कालरा ने आरोप लगाया कि आरोपी अनुज उप्पल को भाजपा की कार्यालय मंत्री का संरक्षण है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैधानिक गतिविधियां गार्डन में नहीं चलने देंगे महापौर

**इंदौर,** । रहवासियों की मांग पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव गत दिवस विधानसभा चार के वार्ड 83 का निरीक्षण किया। साथ ही क्षेत्रीय रहवासियों के कहने पर स्थानीय गार्डन का भी दौरा किया, स्वच्छता को लेकर महापौर ने जहां शहरवासियों के साथ संवाद कर सफाई व्यवस्था की स्थिति को जाना, वहीं गार्डन की स्थिति को लेकर रहवासियों से चर्चा कर गार्डन के सौंदर्यीकरण पर विचार करने की बात कही। इसके साथ ही समस्याओं को भी सुना। महापौर ने रहवासियों से कहा कि गार्डन का उपयोग क्षेत्रीय लोगों के लिए है। इसलिए इसका ध्यान रखना भी आपका कर्तव्य है। रहवासियों को समझाइश देते हुए महापौर ने कहा कि किसी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि गार्डन परिसर में संचालित नहीं होना चाहिए। साथ ही गार्डन किसी एक व्यक्ति के स्वामित्व का नहीं है यह खेत्र के हर वर्ग के लिए है। उनका पूरा अधिकार है। इसका पयोग करना और संरक्षित करना उनकी ड्यूटी है। महापौर ने क्षेत्रीय रहवासियों से वार्ड की स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा कर उनके त्वरित निदान करने के लिए आश्वस्त किया। दौरे के दौरान महापौर प्रमुख रहवासियों के निवास पर भी पहुंचे।

### इसी सत्र में सात सीएम राइज स्कूल शुरु, छह ग्रामीण क्षेत्रों में

**इंदौर** । सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और मापदंडों को और ज्यादा बेहतर बनाए रखने के लिए प्रदेश में लगातार सीएमराइज स्कूलों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इंदौर जिले में जुलाई से पहले सात सीएम राइज स्कूल शुरु किए जा रहे हैं। इसके लिए विभागीय प्रक्रिया मार्च में शुरु हो गई थी। आचार संहिता के बाद स्कूलों में स्टाफ जुटाना जारी हो जाएंगे। प्रदेश के सभी जिलों में बड़ी संख्या में सीएम राइज स्कूल शुरु हो रहे हैं। इंदौर जिले में भी अहिल्या आश्रम दो, गौतमपुरा, राऊ, मानपुर, बरलाई, मेण, चंद्रावतीगंज आदि स्थानों में सीएम राइज स्कूल इसी सत्र में शुरु हो जाएंगे। इस वर्ष से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरु हो रहा है यानी जुलाई से इन स्कूलों में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए कक्षाएं लगना शुरु हो जाएंगी।

# शिवराज सिंह के पास वाहन नहीं, पर 3.42 करोड़ की है चल-अचल संपत्ति

**विदिशा,** । 18 वर्ष तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और अब विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बने शिवराज सिंह चौहान की संपत्ति में बीते पांच माह में 21 लाख रुपये की वृद्धि हुई है। वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह की संपत्ति में भी 15 लाख रुपये की बढ़ोतरी हुई है। शिवराज सिंह चौहान ने गत दिवस रायसेन में अपना नामांकन पत्र जमा किया। इसके साथ दाखिल हलफनामे में उन्होंने अपनी कुल संपत्ति तीन करोड़ 42 लाख रुपये दर्शाई है, जबकि पिछले वर्ष अक्टूबर में विधानसभा चुनाव के दौरान बुधनी से प्रत्याशी के तौर पर जमा कराए गए हलफनामे में शिवराज ने अपनी चल-अचल संपत्ति तीन करोड़ 21 लाखरुपए बताई थी। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए दी गई जानकारी में भी उन्होंने अन्य विवरण में वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2022-23 की आय में दो लाख रुपये की कमी बताई है। शपथ पत्र के अनुसार शिवराज के पास एक करोड़ 24 लाख रुपये की चल और दो करोड़ 11 लाख रुपये की अचल संपत्ति है। उन पर किसी बैंक का कर्ज नहीं है। वहीं, उनकी पत्नी साधना सिंह के पास एक करोड़ 17 लाख रुपये की चल और चार करोड़ 39 लाख रुपये की अचल संपत्ति है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के शुभारंभ अवसर पर देश की प्रमुख नदियों के 21 जल कलशों का पूजन किया।

## गुना में धर्मांतरण के लिए दी अमानवीय यातना

**गुना,** । जिले में एक ऐसी वारदात सामने आई है जहां एक शख्स ने लालच में आकर एक युवती को ऐसी यातनाएं दीं जो कोई सोच भी नहीं सकता। शख्स ने युवती को किडनैप करके अपने घर में बंधक बनाकर रखा इसके बाद उसने हैवानियत की सारी हदें पा कर दीं। गुना में एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है जहां एक शख्स ने अपने पड़ोस में रहने वाली लड़की को पहले अपने प्रेमजाल में फंसाया इसके बाद उसने धर्म परिवर्तन करने के बाद शादी करने का दबाव डाला, जब युवती ने इनकार किया तो शख्स ने अपने ही घर में बंधक बनाकर रखा। शख्स ने बंधक बनाने के बाद युवती के साथ कई बार मारपीट की और उसके साथ बलात्कार भी किया, जब युवती ने जान बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने हैवानियत की हदें पार करते हुए उसके आंखों और होंठों पर फेवीक्विक डाल दी, युवती जैसे-तैसे जान बचाकर पुलिस के पास पहुंची फिलहाल युवती का इलाज चल रहा है जबकि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जानकारी के मुताबिक यह पूरा मामला गुना के कैंट थाना क्षेत्र का है, जहां आरोपी अयान रहता है जिसके पास ही युवती का भी घर है। बताया जा रहा है कि युवती के घर में युवती के अलावा सिर्फ उसकी मां ही है, वह जैसे तैसे गुजर-बसर कर रहे हैं, आरोपी अयान की नीयत युवती की पुश्तैनी जायदाद पर खराब हुई थी, जिसके बाद उसने जायदाद को हड़पने के लिए युवती के साथ संबंध बनाए और शादी करने का दबाव डाला और धर्म परिवर्तन के लिए भी वह लगातार उससे कह रहा था, जब युवती ने इन सभी चीजों से आरोपी अयान को साफ इन्कार कर दिया, ।

## हाँ, मैं बलि का बकरा हूँ, मेरे गले की बलि देना कोई गलत नहीं

**इंदौर,** । लोकसभा चुनाव माहौल के बीच कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें वे अपने खिलाफ लगातार हो रहे बयानों को लेकर पलटवार कर रहे हैं। यह वीडियो उनके चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर का है। इसमें वे कह रहे हैं कि इतिहास गवाह है कि कभी संघर्ष से परिचित नहीं हुआ वह कभी चर्चित नहीं हुआ। अखबार लिखते हैं कि अक्षय बम को बली बना दिया। मैं कहना चाहता हूँ कि हाँ मैं बलि का बकरा हूँ क्योंकि जनता को खुश करने के लिए अगर मेरी गले की बलि दे रहे हैं तो कोई गलत नहीं है। यह बंदा बलि का बकरा है। दरअसल गत दिवस बम के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन था।

## नर्मदा की रेत से बन रहे मटके, इंसान के वजन से भी नहीं टूटते

**बुरहानपुर** । जैसे-जैसे गर्मी अपना तेवर दिखा रही है, वैसे-वैसे देसी फ्रिज की डिमांड भी बढने लगी है। देसी फ्रिज यानी मिट्टी से बनने वाला मटका पूरे प्रदेश में मटकों की बिक्री में तेजी आने लगी है। बुरहानपुर जिले के खंडवा मार्ग पर खास मटके मिल रहे हैं। आमतौर पर मटके मिट्टी से बनते हैं लेकिन इसकी खासियत यह है कि सामान्य मटकों से अलग बिल्कुल काले रंग का है। 50 से लेकर 500 रुपये तक में इन मटकों को बेचने का दुकानदार का अदलहा तरीका भी ग्राहकों को पसंद आता है। मटका बेचने वलो दुकानदार इन मटकों पर बैठकर और इसे लकड़ी से बजाकर बेच रहे हैं। ऐसे ही एक मटका विक्रेता रमेश प्रजापति ने बताया कि यह मटके नर्मदा की रेतसे बने होते हैं।

## शांति एक्सप्रेस के एसी कोच में वारदात, पर्स चोरी करने वाला रतलाम स्टेशन पर पकड़ाया

**उज्जैन,** । शांति एक्सप्रेस के एसी कोच में सफर कर रही महिला का पर्स चोरी हो गया। महिला ने तत्काल नागदा जंक्शन पर आरपीएफ को सूचना दी। इसके बाद सक्रिय हुई जीआरपी और आरपीएफ ने खोजबीन कर बदमाश को रतलाम रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। महिला के पर्स में नगदी में समेत 6 लाख रुपए से अधिक के गहने थे।

बताया जा रहा है कि घटना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात 2 बजे की है। ट्रेन संख्या 19309 शांति एक्सप्रेस में अहमदाबाद की कृष्णा भक्तानी अहमदाबाद से एसी कोच बी-3 में सवार होकर इंदौर का सफर कर रही थी। रतलाम रेलवे स्टेशन से ट्रेन के रवाना होते ही कृष्णा भक्तानी को पता चला कि उनका जेवर से भरा पर्स चोरी हो गया है। उन्होंने तत्काल नागदा जंक्शन आरपीएफ को सूचना दी। रतलाम रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल मेवालाल यादव को सूचना मिली, तो उन्होंने वहीं चेकिंग शुरू की। स्टेशन से एक युवक को पकड़ा तो उसके पास से लेडिस पर्स मिला। युवक को आरपीएफ थाने लेकर आए। उससे पूछताछ की गई।

आरोपी उज्जैन जिले का रहने वाला पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में पर्स चोरी करने वाले ने अपना नाम रूपेश उर्फ

# नगर निगम लखनऊ का सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान: गोमतीनगर, अर्जुनगंज, सरोजिनी नगर व कन्हैया माधवपुर में बड़ी कार्रवाई

नगर निगम लखनऊ द्वारा गुरुवार 19 जून को शहर के कई क्षेत्रों में सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश और नगर आयुक्त गौरव कुमार के आदेश पर की गई, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराना और नागरिकों को सुगम आवागमन व स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। नगर निगम के विभिन्न जोनों में जोनल अधिकारियों के नेतृत्व में अभियान संचालित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में अस्थायी झुग्गियां, गुमटी, दुकानें, ठेले और अन्य अवैध ढांचे हटाए गए।जोन-4 में जोनल अधिकारी संजय यादव के नेतृत्व में ग्वारी चौराहा से गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में फ्लाईओवर के नीचे बनी झुग्गियों को हटाया गया। इसके बाद विभूति खंड में मॉडल वेंडिंग जोन के चारों ओर फैलाए गए अतिक्रमण को भी साफ किया गया। जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर-7 के समीप अतिक्रमण हटाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इसके अलावा अर्जुनगंज चौराहे से अहिमामऊ पुल तक चलाए गए विशेष अभियान में भारी पुलिस बल, पीएसी और थाना सुशांत गोल्फसिटी के प्रभारी निरीक्षक की उपस्थिति में दर्जनों अवैध ठिकानों को हटाया गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में सामान भी जब्त किया गया।जोन-5 क्षेत्र में एयरपोर्ट नादरगंज चौराहे से पटरी दरोगा खेड़ा और सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यहां पर चार काउंटर, दो गुमटी और सात ठेले हटवाए गए। अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। यह कार्रवाई जोनल अधिकारी नंदकिशोर, कर अधीक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक हर्षेंद्र प्रताप सिंह और प्रवर्तन दल (296) की उपस्थिति में संपन्न हुई इसी तरह जोन-6 के अंतर्गत कन्हैया माधवपुर द्वितीय वार्ड में फरीदीपुर स्थित पाल मिष्ठान भंडार से लेकर दुबग्गा चौराहे तक सघन कार्रवाई की गई। इस दौरान 19 ठेले, 9 गुमटी, 11 अस्थायी दुकानें, 4 लोहे की सीढ़ियां, 2 लोहे की जालियां, एक फेम बोर्ड, चार टायर, दो फ्लैक्स बोर्ड, चार प्लास्टिक स्टूल और दो कुर्सियां जब्त की गईं। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में जोनल अधिकारी मनोज यादव, कर अधीक्षक विजय शंकर, राजस्व निरीक्षक आशीष कुशवाहा, कर निरीक्षक धर्मदेव और नगर निगम का प्रवर्तन दल उपस्थित रहा। साथ ही स्थानीय थानाध्यक्ष को भी पत्र भेजकर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया है।नगर निगम लखनऊ ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से नागरिकों में जागरूकता बढ़ी है और अनेक इलाकों में पैदल राहगीरों को राहत महसूस हुई है।

## दूल्हे की शक्ल पसंद नहीं आई तो दुल्हन ने तोड़ी शादी

**ग्वालियर,** । पहली बार ग्वालियर में ऐसा मामला आया है, जब किसी दुल्हन ने दूल्हे की शक्ल पसंद नहीं आने पर शादी से इन्कार कर दिया। युवती आगरा से शादी रचाने के लिए परिवार के साथ ग्वालियर के उटीला गांव आई थी। यहां जयमाला से पहले तक तो सब कुछ ठीक रहा, जैसे ही जयमाला के दुल्हन आई तो उसने दूल्हे की शक्ल देखी। शक्ल देखते ही बोली-फोटो में शक्ल कुछ और थी, हकीकत में कुछ और है, इसलिए वह शादी नहीं करेगी। अगर जबरदस्ती की तो यहीं जहर खा लगी। घराती और बराती बुरी तरह घबरा गए। मामला थाने तो पहुंचा। जब थाने में दुल्हन से महिला पुलिस अधिकारी ने बात की तो वह बोली, जो फोटो उसे उसके पिता ने मोबाइल फोन में दिखाया था, वह फिल्टर लगाकर भगजा गया था। वधु पक्ष आगरा लौट गया, वर पक्ष ने जो उपहार और सामान मिला था, उसे वापस कर दिया। जानकारी के मुताबिक आगरा स्थित अछनेरा की ममता, पुत्री अचल सिंह की शादी ग्वालियर के उटीला गांव के रामेश्वर चौहान के बेटे अनिल चौहान से तय हुई थी।

# दो दिन के बाद फिर लौटी गर्मी, शाम को राहत

दो दिन की हल्की बारिश और बादलों की ओट के बाद प्रयागराज एक बार फिर भीषण गर्मी की चपेट में आ गया है। गुरुवार सुबह से ही आसमान पूरी तरह साफरहा और तेज धूप ने एक बार फिर लोगों को बेहाल कर दिया। चिलचिलाती धूप और उमस ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है लेकिन शाम को दोबारा मौसम सुहाना हो गया।बीते दो दिनों में शहर में हुई बूंदाबांदी और बादलों की मौजूदगी से लोगों को कुछ हद तक राहत जरूर मिली थी, लेकिन जैसे ही सूरज ने करवट बदली, गर्मी ने फिर कहर बरपाना शुरू कर दिया। सुबह से ही धूप तीखी और तापमान बढ़ता हुआ नजर आया, जिससे आमजन घरों में कैद हो गए। सड़कों पर सन्नाटा सा पसरा दिखा और बाजारों में भीड़ पहले की तुलना में कम रही। मौसम की बेरुखी ने हालात और मुश्किल कर दिए हैं। दिन चढ़ते ही गर्म हवाएं और उमस लोगों को झुलसा रही हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और दिहाड़ी मजदूरों को हो रही है, जिन्हें रोजमर्रा के काम के लिए घर से बाहर निकलना ही पड़ता है।मौसम विभाग ने भी आने वाले दिनों में राहत के संकेत नहीं दिए हैं। विभाग के अनुसार, फिलहाल मानसून की सक्रियता पूर्वांचल में नहीं दिखाई दे रही है और गर्मी से राहत मिलने की संभावना बेहद कम है। अगले कुछ दिनों तक तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे लू चलने की भी आशंका है। डॉक्टरों ने लोगों को सलाह दी है कि वह दिन के समय विशेषकर दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के, सूती कपड़े पहनें ताकि गर्मी से शरीर को सुरक्षित रखा जा सके।

# अपने पूर्व साथी खिलाड़ी के अचानक निधन पर कोहली ने जताया दुख, परिजनों को बंधाया ढांढस

भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम और घरेलू क्रिकेट में पंजाब के लिए खेल चुके मध्यम गति के तेज गेंदबाज अमनप्रीत सिंह गिल का बुधवार को 36 साल की उम्र में चंडीगढ़ में निधन हो गया। अमनप्रीत सिंह गिल के निधन पर विराट कोहली, युवराज सिंह, और शिखर धवन जैसे क्रिकेटरों ने शोक जताया है। अंडर-19 के दिनों में कोहली और अमनप्रीत साथ में खेले थे। विराट कोहली ने एक्स पर लिखा, 'अमनप्रीत गिल के निधन की खबर सुनकर हैरान और दुखी हूं। उनके परिवार और प्रियजनों को ये दुख सहने की ताकत मिले। ओम शांति।' इससे पहले युवराज सिंह ने भी अमनप्रीत सिंह के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने लिखा, अमनप्रीत सिंह गिल के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। शुरुआती दिनों में हम अपने ड्रेसिंग रूम में साथ थे। वह एक शांत, मेहनती क्रिकेटर थे जिन्हें खेल से प्यार था। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। ओम शांति।पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने एक्स पर लिखा, 'पंजाब के पूर्व क्रिकेटर अमनप्रीत सिंह गिल के इतनी कम उम्र में निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उनके परिवार, दोस्तों और उन्हें जानने वाले सभी लोगों के प्रति मेरी



गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।' पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने उनके निधन पर शोक जताया और उन्हें पंजाब क्रिकेट के एक समर्पित सेवक के रूप में याद किया। पीसीए ने अपने बयान में कहा, पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन, पंजाब के पूर्व क्रिकेटर और पंजाब की सीनियर चयन समिति के सदस्य अमनप्रीत सिंह गिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है। उन्होंने इंडिया अंडर-19, किंग्स इलेवन पंजाब (वर्तमान में पंजाब किंग्स) और पंजाब का प्रतिनिधित्व किया और लगन, जुनून के साथ पंजाब क्रिकेट की सेवा की। 2006 में किया था डेब्यू एसोसिएशन ने गिल के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और मुश्किल समय में ईश्वर से हिम्मत देने की प्रार्थना की। 16 सितंबर 1989 को चंडीगढ़ में जन्मे अमनप्रीत सिंह गिल ने पंजाब के लिए प्रथम श्रेणी में 2006 में डेब्यू किया था। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने छह मैचों में 11 विकेट लिए थे। उन्होंने 2007 में कई युवा वनडे और तीन दिन के टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया, इस दौरान इंग्लैंड, मलयेशिया और श्रीलंका का दौरा किया। विराट कोहली ने एक्स पर लिखा, 'अमनप्रीत गिल के निधन की खबर सुनकर हैरान और दुखी हूं। उनके परिवार और प्रियजनों को ये दुख सहने की ताकत मिले। ओम शांति।' इससे

पहले युवराज सिंह ने भी अमनप्रीत सिंह के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने लिखा, अमनप्रीत सिंह गिल के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। शुरुआती दिनों में हम अपने ड्रेसिंग रूम में साथ थे। वह एक शांत, मेहनती क्रिकेटर थे जिन्हें खेल से प्यार था। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। ओम शांति।पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने एक्स पर लिखा, 'पंजाब के पूर्व क्रिकेटर अमनप्रीत सिंह गिल के इतनी कम उम्र में निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उनके परिवार, दोस्तों और उन्हें जानने वाले सभी लोगों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति।' पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने उनके निधन पर शोक जताया और उन्हें पंजाब क्रिकेट के एक समर्पित सेवक के रूप में याद किया। पीसीए ने अपने बयान में कहा, पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन, पंजाब के पूर्व क्रिकेटर और पंजाब की सीनियर चयन समिति के सदस्य अमनप्रीत सिंह गिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है। उन्होंने इंडिया अंडर-19, किंग्स इलेवन पंजाब (वर्तमान में पंजाब किंग्स) और पंजाब का प्रतिनिधित्व किया और लगन, जुनून के साथ पंजाब क्रिकेट की सेवा की।

## क्या चेपॉक में आखिरी बार दिखेंगे धोनी? अश्विन ने थाला की वापसी पर दिया बड़ा बयान



आईपीएल 2026 में महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर सस्पेंस लगातार बना हुआ है। चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज अब तक इस सीजन में मैदान पर नहीं उतरे हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी प्रैक्टिस की तस्वीरें और वीडियो लगातार चर्चा में रहे। इसी बीच टीम इंडिया के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने उनकी वापसी को लेकर बड़ा बयान दिया है। अश्विन का मानना है कि अगर सीएसके प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाती है, तभी धोनी को चेपॉक में फेयरवेल मैच खेलने का मौका मिल सकता है।महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2026 शुरू होने से पहले ही पिंडली की चोट से जूझ रहे थे। इसी वजह से उन्हें शुरुआती मुकाबलों से बाहर रहना पड़ा। हालांकि वह मार्च से ही सीएसके कैंप के साथ जुड़े हुए हैं और नेट्स और प्रैक्टिस मैचों में हिस्सा लेते नजर आए हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने एक भी आधिकारिक मुकाबला नहीं खेला है। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि धोनी की वापसी आसान नहीं दिख रही। उनका मानना है कि अगर धोनी टीम में आते हैं तो संयोजन बदलना पड़ेगा, जो इस समय सीएसके के लिए मुश्किल हो सकता है। अश्विन ने कहा, 'अगर एमएस धोनी आते हैं तो टीम का कॉम्बिनेशन बदल जाएगा। यह बहुत मुश्किल हो जाता है, इसलिए मुझे लगता है कि उनकी वापसी की संभावना बहुत कम है। अगर ष्टस्य अगले तीन में से दो मैच हार जाती है, तब शायद चेन्नई में उन्हें फेयरवेल मैच खेलने का मौका मिल सकता है।'

## एशियाड से पहले हुआ भारत के साथ धोखा!: तीरंदाजी कोच पागिनी टीम इंडिया की जगह कोरिया से जुड़े

एशियाई खेल सिर पर हैं और भारतीय तीरंदाजों के लिए विदेशी कोच का अनुबंध मुसीबत बनता जा रहा है। कुछ माह पूर्व तक यह तय था कि इटली के जाने-माने कोच सर्गियो पागिनी भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों को कोचिंग देंगे। उनका अनुबंध सिरे चढ़ने जा रहा था, लेकिन भारतीय टीम के पूर्व कोच रहे पागिनी को तीरंदाजी के मजबूत देश कोरिया से भारत के मुकाबले अधिक वेतन में प्रस्ताव मिल गया। पागिनी ने भारतीय तीरंदाजों को दरकिनार कर कोरियाई टीम का दामन थाम लिया। अब 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल की गई कंपाउंड तीरंदाजी के लिए पूर्व विश्व चैंपियन अमेरिकी तीरंदाज डेव कजिंस पर दांव लगाया गया है। कजिंस को अच्छे वेतन पर रखने की तैयारी कर ली गई है, लेकिन उनके अनुबंध पर तीरंदाजी के कुछ लोगों में रोष है। सूत्र बताते हैं कि 1999 के विश्व चैंपियन और 2003 के उपविजेता कजिंस भारतीय कंपाउंड टीम के कोच के लिए इंटरव्यू भी दे चुके हैं। उनके अनुबंध पर अंतिम फैसला होना बाकी है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो कजिंस जल्द कंपाउंड तीरंदाजी टीम के कोच होंगे। हालांकि सूत्र बताते हैं कि कजिंस एक अच्छे कंपाउंड तीरंदाज तो रहे हैं, लेकिन उनके पास कोचिंग का बड़ा अनुभव नहीं है, जबकि भारतीय कंपाउंड तीरंदाज इस वक्त दुनिया के शीर्ष तीरंदाजों में शामिल हैं। कजिंस फीटा राउंड का विश्व रिकॉर्ड भी बना चुके हैं।दिक्कत कंपाउंड विदेशी कोच की नहीं बल्कि रिकर्व कोच की भी है। बीते वर्ष अप्रैल में कोरियाई मूल के अमेरिकी कोच की सिकली को 20 हजार अमेरिकी डॉलर के भारी-भरकम वेतन पर अनुबंधित करने की तैयारी की गई थी। उन्हें इस वर्ष जनवरी में अनुबंध भी दिया गया, लेकिन वह शर्तों से खुश नजर नहीं आए। उनका अनुबंध अब तक सिरे नहीं चढ़ा है। यही नहीं भारतीय तीरंदाज इस वक्त विश्वकप में खेल रहे हैं, लेकिन रिकर्व और कंपाउंड दोनों टीमों का अब तक चीफ कोच भी नियुक्त नहीं किया गया है।अब 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल की गई कंपाउंड तीरंदाजी के लिए पूर्व विश्व चैंपियन अमेरिकी तीरंदाज डेव कजिंस पर दांव लगाया गया है। कजिंस को अच्छे वेतन पर रखने की तैयारी कर ली गई है, लेकिन उनके अनुबंध पर तीरंदाजी के कुछ लोगों में रोष है। सूत्र बताते हैं कि 1999 के विश्व चैंपियन और 2003 के उपविजेता कजिंस भारतीय कंपाउंड टीम के कोच के लिए इंटरव्यू भी दे चुके हैं। उनके अनुबंध पर अंतिम फैसला होना बाकी है। सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो कजिंस जल्द कंपाउंड तीरंदाजी टीम के कोच होंगे। हालांकि सूत्र बताते हैं कि कजिंस एक अच्छे कंपाउंड तीरंदाज तो रहे हैं, लेकिन उनके पास कोचिंग का बड़ा अनुभव नहीं है, जबकि भारतीय कंपाउंड तीरंदाज इस वक्त दुनिया के शीर्ष तीरंदाजों में शामिल हैं। कजिंस फीटा राउंड का विश्व रिकॉर्ड भी बना चुके हैं।दिक्कत कंपाउंड विदेशी कोच की नहीं बल्कि रिकर्व कोच की भी है। बीते वर्ष अप्रैल में कोरियाई मूल के अमेरिकी कोच की सिकली को 20 हजार अमेरिकी डॉलर के भारी-भरकम वेतन पर अनुबंधित करने की तैयारी की गई थी।

# धोनी-रोहित के क्लब में एंट्री से एक कदम दूर भुवनेश्वर, कोहली ने तारीफों के बांधे पुल

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के घातक गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार गुरुवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर लेंगे। इस मैच में उतरते ही किंग कोहली आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले 12वें खिलाड़ी बन जाएंगे। आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने उनकी तारीफों के पुल बांधे हैं।आज आईपीएल का 50वां मुकाबला लखनऊ और आरसीबी के बीच इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में भुवनेश्वर कुमार बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। वह धोनी और रोहित शर्मा के क्लब में शामिल होने से महज एक मैच दूर हैं। दरअसल, आईपीएल में सबसे ज्यादा मुकाबले खेलने का रिकॉर्ड अभी तक महेंद्र सिंह धोनी के नाम है, जिन्होंने 278 मुकाबले खेले हैं। वहीं, रोहित शर्मा 277 मैचों के साथ दूसरे जबकि विराट कोहली 276 मुकाबलों के साथ तीसरे पायदान पर हैं। भुवनेश्वर भी दोहरा शतक लगाने से महज एक मैच दूर हैं।भुवनेश्वर ने अब तक खेले 199 आईपीएल मैचों



में 7.68 के इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी करते हुए 215 विकेट लिए हैं। इसमें दो बार पांच विकेट और दो बार चार विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है, और उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 5/19 रहा है। गुरुवार को वह इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ अपना 200वां आईपीएल मैच खेलेंगे।इस उपलब्धि से पहले आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली, गेंदबाज जोश हेजलवुड और कोच एंडी फ्लावर ने उनकी तारीफ की है। आरसीबी की तरफ से जारी किए गए वीडियो में कोहली ने भुवनेश्वर को टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन गेंदबाजों में से एक बताया। कोहली ने कहा, '200 मैच खेलना, खासकर एक तेज गेंदबाज के तौर पर, एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। मुझे पता है कि यह टी20 क्रिकेट है, लेकिन इससे उनकी लंबी पारी का पता चलता है, और उन्होंने इन सभी वर्षों में बहुत क्रिकेट खेला है। हर तरह के प्रारूप में, और वह एक बहुत ही सफल गेंदबाज रहे हैं।' कोहली ने आगे कहा, 'भुवी के बारे में जो बात मुझे हमेशा सबसे खास लगी है, वह है खेल के प्रति उनकी समझ और उनकी क्रिकेट की सूझ-बूझ। आईपीएल के इतिहास में शायद वह टॉप तीन तेज गेंदबाजों में से एक रहे हैं। अगर आप उनकी इकोनॉमी, उनके लिए गए विकेटों की संख्या, और हर मैच में उनके द्वारा फेंकी गई डॉट गेंदों की संख्या देखें, तो यह वाकई कमाल का है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर आप दबाव में भी हर बार भरोसा कर सकते हैं। इतने वर्षों तक अपनी स्किल और परफॉर्मेंस के उस ऊंचे स्तर को बनाए रखना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।'भुवनेश्वर की तेज गेंदबाजी के बारे में बात करते हुए जोश हेजलवुड ने उनके गेंदबाजी कौशल और खेल की गहरी समझ का भी जिक्र किया।

## डेविड वॉर्नर के शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला, अदालत में अगली सुनवाई 24 जून को होगी



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर पर शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप लगा है। रैंडम ब्रेथ टेस्ट में उनका अल्कोहल लेवल कानूनी सीमा से दोगुने से ज्यादा पाया गया। मामला पांच अप्रैल का है, जब सिडनी के पूर्वी इलाके में पुलिस ने रोडसाइड जांच के दौरान उन्हें रोका था। गुरुवार को वेवर्ली स्थानीय अदालत में इस मामले की पहली सुनवाई हुई। हालांकि, वॉर्नर को खुद कोर्ट में पेश होने की जरूरत नहीं पड़ी। उनके वकील, बॉबी हिल, ने अदालत को बताया कि पुलिस को कुछ रिप्रेजेंटेशन दिए गए हैं और उन पर जवाब आने तक मामले को आगे बढ़ाने की मांग की गई है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 24 जून तय की है।वॉर्नर के वकील ने कहा कि क्रिकेटर अपनी गलती मानते हैं और उन्हें इस फैसले पर पछतावा है। हिल के मुताबिक, वॉर्नर ने एक दोस्त के अपार्टमेंट में तीन ग्लास वाइन पी थी और उसके बाद उबर लेने की बजाय खुद कार चलाने का फैसला किया, जिसे उन्होंने लापरवाही और बेवकूफी भरा कदम बताया। हिल ने यह भी कहा कि शराब पीना कोई अपराध नहीं है, लेकिन शराब पीने के बाद गाड़ी चलाना गलत है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा रोके जाने से करीब 11 मिनट पहले वार्नर ने आखिरी ड्रिंक ली थी। वकील ने आरोप लगाया कि दूसरा ब्रेथ टेस्ट कराने में पुलिस ने करीब 52 मिनट का समय लिया। वकील के अनुसार, वॉर्नर किसी भी आम नागरिक की तरह कानूनी प्रक्रिया का सामना करेंगे और उन्हें सजा मिलने की भी उम्मीद है। वॉर्नर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन लीग क्रिकेट में सक्रिय हैं। शराब वाला मामला सामने आने के बाद उनके करियर पर सवाल उठने लगे हैं। बीबीएल में सिडीन थंडर्स और पाकिस्तान सुपर लीग में कराची किंग्स की कप्तानी करने वाले वॉर्नर की कप्तानी बरकरार रहेगी या नहीं, ये आने वाला समय बताएगा। उनके वकील, बॉबी हिल, ने अदालत को बताया कि पुलिस को कुछ रिप्रेजेंटेशन दिए गए हैं और उन पर जवाब आने तक मामले को आगे बढ़ाने की मांग की गई है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 24 जून तय की है।वॉर्नर के वकील ने कहा कि क्रिकेटर अपनी गलती मानते हैं और उन्हें इस फैसले पर पछतावा है।



## डेम्बेले के गोल से चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची पीएसजी; खिताबी मुकाबले में आर्सेनल से टक्कर

ओस्मान डेम्बेले के गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन ने अपने चैंपियंस लीग खिताब का बचाव करने के आखिरी मोड़ पर पहुंच गई है। डिफेंडिंग चैंपियन ने म्यूनिख के एलियांज एरिना में सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे लेग में एफसी बायर्न के खिलाफ मुकाबला 1-1 से ड्रॉ खेला और एग्रीगेट पर 6-5 से जीत हासिल की। अब फाइनल में पीएसजी का सामना आर्सेनल से होगा। यह मुकाबला 30 मई को रात साढ़े नौ बजे से पुस्कस अरीना में खेला जाएगा। आर्सेनल ने एटलैटिको मैड्रिड को एग्रीगेट में 2-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। चैंपियंस लीग के नॉकआउट राउंड में टीमें आपस में दो मैच खेलती हैं। एक होम ग्राउंड पर और एक विपक्षी टीम के होम ग्राउंड पर। दोनों को मिलाकर हुए गोल को एग्रीगेट कहा जाता है।लुइस एनरिक की टीम, जिसने पिछले सीजन के फाइनल में इंटर के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन के साथ चैंपियंस लीग का खिताब जीता था, ने वहीं से शुरुआत की जहां एक साल पहले छोड़ा था और इस मुकाबले में सिर्फ दो मिनट में ही अपनी बढ़त बना ली। पीएसजी के लिए ओस्मान डेम्बेले ने गोल किया। डेम्बेले ने ख्विचा क्वारात्सखेलिया के सटीक पास को गोल में बदल दिया।

## मुंबई इंडियंस में सब ठीक नहीं?: टीम के साथ ट्रैवल नहीं कर रहे हार्दिक, माहिका की गैरहाजिरी से भी बढ़ीं अटकलें

मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2026 का सीजन लगातार मुश्किल होता जा रहा है। टीम पहले ही अंक तालिका में नीचे फंसी हुई है, अब कप्तान हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी ने नई बहस छेड़ दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई इंडियंस जब अपने अगले मुकाबले के लिए रायपुर रवाना हुई, तब हार्दिक पांड्या टीम के साथ नजर नहीं आए। इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर सवालों की बाढ़ आ गई कि क्या हार्दिक अब भी चोटिल हैं, या मामला सिर्फ फिटनेस तक सीमित नहीं है? लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में माहिका भी टीम को सपोर्ट करने मैदान में मौजूद नहीं थीं, न ही हार्दिक टीम के साथ मौजूद थे।क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी बुधवार को मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर दिखाई दिए, लेकिन कप्तान हार्दिक वहां मौजूद नहीं थे। फिलहाल यह साफ नहीं है कि वह बाद में टीम से जुड़ेंगे या नहीं। लखनऊ के खिलाफ मैच में हार्दिक के नहीं खेलने को



लेकर फ्रेंचाइजी ने बताया था कि उनकी पीठ में ऐंठन है। मुंबई इंडियंस ने बयान जारी कर कहा था, 'हार्दिक पीठ में ऐंठन के कारण अस्वस्थ हैं, इसलिए मैच में सूर्यकुमार यादव कप्तानी करेंगे।'हार्दिक की गैरमौजूदगी ने इसलिए भी चर्चा बढ़ा दी है क्योंकि पहले माना जा रहा था कि पीठ की समस्या गंभीर नहीं है और वह जल्द वापसी कर लेंगे। लेकिन टीम के साथ यात्रा न करने से अब कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कुछ फैंस सवाल उठा रहे हैं कि क्या कप्तान पर दबाव ज्यादा है? क्या खराब फॉर्म और टीम की हालत ने मानसिक असर डाला है? कुछ ने एमआई-सीएसके मैच के बाद हार्दिक और सीएसके टीम के सीईओ काशी विश्वनाथन की बातचीत को भी इस मामले से जोड़ा था। एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा था कि काशी ने ऐसे ही 2025 में संजू सैमसन से बातचीत की थी और इस साल वह सीएसके में हैं। सोशल मीडिया यूजर्स यह भी वायरल कर रहे हैं कि हार्दिक सीएसके की टीम में जा सकते हैं। हालांकि इन बातों पर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। हार्दिक पांड्या बल्ले और गेंद दोनों से इस सीजन उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। आठ मैचों में उन्होंने सिर्फ 146 रन बनाए हैं और स्ट्राइक रेट भी सामान्य रहा है। गेंदबाजी में भी वह प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। एक कप्तान के तौर पर भी कई मौकों पर उनके फैसलों पर सवाल उठे हैं। करीबी मैचों में टीम हारती गई और हार्दिक कोई बड़ा असर नहीं छोड़ पाए। लखनऊ के खिलाफ मुंबई की जीत के बाद दीपक चाहर की बहन मालती चाहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की तारीफ की थी और कहा था ।



# मेरे काम को लंबे समय तक याद रखा जाना चहिए : दीपिका सिंह

जब से लोकप्रिय टेलीविजन स्टार दीपिका सिंह ने छोटे पर्दे पर काम करना शुरू किया है, उन्होंने सुनिश्चित किया है कि महिलाएं केंद्र में रहें। अभिनेत्री ने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि मेरे काम को लंबे समय तक याद रखा जाए।महिलाओं को केंद्र में रखकर भूमिकाएं चुनने के बारे में दीपिका ने बताया कि मैं कोई भी भूमिका लेते समय बहुत सतर्क रहती हूं और इसीलिए मैं अपनी परियोजनाओं को चुनने में समय लेती हूं। मेरे द्वारा किए जाने वाले शो या काम का प्रभाव लंबे समय तक होना चहिए और उसे वर्षों तक याद रखा जाना चाहिए।दीया और बाती हम में आईपीएस संध्या राठी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ने कहा, जब मैंने यह शो सुना, तो मुझे लगा कि मैं इसमें सहज रूप से फिट बैठती हूं। हालांकि यह बेहद ही चुनौतीपूर्ण था, मगर इसने मुझे इसे करने की ताकत दी। मुझे चुनौतियां पसंद हैं।

मेरा किरदार मेरे लिए और ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करने वाली सभी महिलाओं के लिए एक मजबूत संदेश है।35 वर्षीय अभिनेत्री ने मंगल लक्ष्मी के साथ वापसी की, जो छोटे पर्दे पर सबसे लोकप्रिय शो में से एक बन गया है। अभिनेत्री ने कहा, जब आप कोई शो करते हैं, तो आपको नहीं पता होता कि यह अच्छा चलेगा या नहीं। आप दृढ़ विश्वास के साथ इसमें जाते हैं और इससे सर्वश्रेष्ठ पाने की उम्मीद करते हैं। मेरे माता-पिता और मेरे ससुराल वाले धमाकेदार तरीके से वापस आने के लिए उत्सुक थे।

उनके आशीर्वाद और मेरी कड़ी मेहनत ने मुझे मेरे प्रशंसकों का प्यार दिया है, जो हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं।

दीपिका ने कहा, मैं खुद को धन्य महसूस करती हूं, और मैं सभी के प्यार के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखूंगी। किस्मत मदद करती है, लेकिन कड़ी मेहनत के बिना कोई भी चीज लोकप्रियता हासिल नहीं कर सकती। मुझे खुशी है कि हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं।जब से लोकप्रिय टेलीविजन स्टार दीपिका सिंह ने छोटे पर्दे पर काम करना शुरू किया है, उन्होंने सुनिश्चित किया है कि महिलाएं केंद्र में रहें। अभिनेत्री ने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि मेरे काम को लंबे समय तक याद रखा जाए।महिलाओं को केंद्र में रखकर भूमिकाएं चुनने के बारे में दीपिका ने बताया कि मैं कोई भी भूमिका लेते समय बहुत सतर्क रहती हूं और इसीलिए मैं अपनी परियोजनाओं को चुनने में समय लेती हूं। मेरे द्वारा किए जाने वाले शो या काम का प्रभाव लंबे समय तक होना चहिए और उसे वर्षों तक याद रखा जाना चाहिए।दीया और बाती हम में आईपीएस संध्या राठी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ने कहा, जब मैंने यह शो सुना, तो मुझे लगा कि मैं इसमें सहज रूप से फिट बैठती हूं। हालांकि यह बेहद ही चुनौतीपूर्ण था, मगर इसने मुझे इसे करने की ताकत दी। मुझे चुनौतियां पसंद हैं।

मेरा किरदार मेरे लिए और ऐसी ही परिस्थितियों का सामना करने वाली सभी महिलाओं के लिए एक मजबूत संदेश है।35 वर्षीय अभिनेत्री ने मंगल लक्ष्मी के साथ वापसी की, जो छोटे पर्दे पर सबसे लोकप्रिय शो में से एक बन गया है।

# उर्वशी रौतेला और रवि किशन की फिल्म जेएनयू को मिली नई रिलीज तारीख, पोस्टर भी जारी

एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी 'जेएनयू' को लेकर बेहद चर्चा में हैं। लंबे समय बाद उर्वशी बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। उर्वशी के साथ फिल्म में गोरखपुर से सांसद और मल्टीटैलेंटेड एक्टर रवि किशन नजर आएंगे। मूवी में छोटे पर्दे की फेमस एक्ट्रेस रश्मि देसाई भी इम्पोर्टेंट रोल प्ले करते हुए नजर आएंगी। डायरेक्टर्स ने 'जेएनयू' की नई रिलीज डेट को अनाउंस कर दिया है। डेट आने से फैंस और मूवी लवर्स के बीच एक्साइटमेंट लेवल बढ़ गया है। 'जेएनयू' अब 21 जून, 2024 को थियेटर्स में धमाका करने को बिल्कुल तैयार है। इससे पहले यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में डेट में चेंज कर दिया गया है। फिल्म का नया पोस्टर भी रिलीज किया गया है, जो ऑडियंस के बीच बेहद पॉपुलर हो रहा है।



'जेएनयू' को विनय शर्मा ने डायरेक्ट किया है, जबकि प्रतिमा दत्ता ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में उर्वशी रौतेला, रवि किशन और रश्मि देसाई के अलावा पीयूष मिश्रा, विजय राज, अतुल पांडे और सोनाली सेगल जैसे मशहूर स्टार्स भी एक्टिंग करते हुए नजर आएंगे।

फिल्म 'जेएनयू' की कहानी और थीम को लेकर अभी ज्यादा खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इसे लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता है। उर्वशी रौतेला की वापसी और इस स्टार-स्टडेड कास्ट के साथ, फिल्म को लेकर काफी उम्मीदें हैं।

फिल्म 'जेएनयू' का नया पोस्टर जारी होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# कैटरीना कैफ की हमशक्ल एक्ट्रेस एमी एला का बिंदास फोटोशूट, दिए ऐसे-ऐसे कातिलाना पोज



इंडियन-ऑस्ट्रेलियाई एक्ट्रेस और मॉडल एमी एला आए दिन अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। अपने डांस और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के लिए मशहूर इस मॉडल को कैटरीना कैफ की हमशक्ल भी कहा जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी खूबसूरती देखक हर कोई उनका दीवाना हो गया है।

एक्ट्रेस और मॉडल एमी एला सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो उनकी तस्वीरें तेजी से वायरल होने लगती हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस इंटरनेट मीडिया स्टार हैं और आए दिन अपनी बोल्डनेस ने फैंस के होश उड़ा देती हैं। उनका हर एक अंदाज फैंस के बीच छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस एमी एला ने अपनी कुछ ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकर रहे हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर का ब्रालेट टॉप और उसके बाहर से श्रग कैरी किया है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। नो मेकअप लुक, अपने बालों को ओपन कर के और साथ ही चेहरे पर क्यूट सी स्माइल देकर एक्ट्रेस एमी एला ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एमी एला अपनी इन फोटोज को क्लिक करवाते हुए कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं। साथ ही अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए सोशल मीडिया का तापमान भी बढ़ा रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस एमी एला कैटरीना कैफ की तरह हर अंदाज में कहर बरपाती हैं। और उनकी तरह सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

# मेंटल हेल्थ के लिए वर्क फ्रॉम होम से ज्यादा बेहतर है वर्क फ्रॉम ऑफिस, जानिए क्या कहती है स्टडी

कोरोना महामारी के दौरान दुनिया भर में लोगों ने बाहर जाकर काम करने की बजाय घर से ही काम किया. उस दौर में वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ा और लोगों को इससे फायदा भी हुआ. इतने दिनों बाद भी कई कंपनियां हैं जो अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम का ऑप्शन दे रही हैं. लेकिन लंबे समय तक वर्क फ्रॉम होम करने से लोगों की मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ा है. हाल ही में कराई गई एक स्टडी में पता चला है कि मेंटल हेल्थ को दुरुस्त रखने में वर्क फ्रॉम होम की जगह वर्क फ्रॉम ऑफिस ज्यादा बेहतर है.हाल ही में ग्लोबल स्तर पर कराई गई एक स्टडी में कहा गया है कि भारत में ऑफिस में काम करने वाले इम्पलॉयी की मेंटल हेल्थ घर से काम करने वालों की अपेक्षा अच्छी रहती है. इसमें कहा गया है कि यूरोप और अमेरिका के उलट भारत में दफ्तर से काम करने वालों को मानसिक सुकून मिलता है. यहां दफ्तर से काम करने वाले लोग घर से काम करने वाले या हाईब्रिड माहौल में काम करने वालों की अपेक्षा कम तनाव में रहते हैं.यूरोप और अमेरिका की बात करें तो स्टडी कहती है कि इन जगहों पर हाइब्रिड माहौल में काम करने वाले लोगों की मेंटल हेल्थ की अच्छी ग्रोथ होती है. अमेरिका में सेपियंस लैब में वर्क कल्चर एंड मेंटल वेलबीइंग द्वारा ये स्टडी करवाई गई थी. इस स्टडी के तहत करीब 55 हजार कर्मचारियों को इस रिसर्च में शामिल किया गया.इस स्टडी में पाया गया कि अकेले काम करने वालों की अपेक्षा टीम में काम करने वाले लोगों की मेंटल हेल्थ ज्यादा अच्छी थी. वहीं दूसरी तरफ टीम के आकार और मेंटल हेल्थ में ग्रोथ की बात करें तो इस मामले में दूसरे देश भारत से ज्यादा बेहतर हैं. इस स्टडी में कोशेंट नामक नजरिए को एड किया गया. आपको बता दें कि वर्क लाइफ को बेहतर करने वाले पहलुओं में टीम भावना, प्रेशर, स्ट्रेस, कंपटीशन, टॉक्सिक एनवायरमेंट, आपसी रिलेशनशिप, अपने काम के प्रति गर्व महसूस करना, लैंगिक भेदभाव, काम के प्रति रुचि आदि पहलू शामिल हैं.

## दोस्त के फू-फू से आपकी जान जा सकती है, 80 लाख लोग हर साल मर रहे हैं

तंबाकू स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इससे कर्क (कैंसर) रोग हो सकता है. ये लाइन आपको हर सिगरेट के डिब्बे पर देखने को मिल जाएगी. लेकिन इसके बाद भी लोगों का सिगरेट पीना कम नहीं होता है. अब तक आपने सुना होगा कि जो लोग सिगरेट पीते हैं, सिर्फ उन्हें ही कैंसर होता है...लेकिन क्या कभी आपने ये सुना है कि सिगरेट पीने वालों के साथ रहने वाले को भी कैंसर हो गया हो. ऐसा ही एक मामला चर्चा में था हैदराबाद की नलिनी का. जिनको उनके पति के सिगरेट की लत की वजह से कैंसर हुआ था. चलिए आपको बताते हैं कि सामने वाले के सिगरेट पीने से आप मौत के कितने करीब पहुंच जाते हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल तंबाकू के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की कैंसर से मौत होती है. इसमें 12 लाख ऐसे लोग होते हैं जिनकी मौत अप्रत्यक्ष रूप से तंबाकू का सेवन करने से होती है. यानी ये लोग सिर्फ इसलिए अपनी जाव गंवा देते हैं, क्योंकि ये सिगरेट पीने वालों के साथ रहते हैं. वहीं अगर भारत की बात करें तो डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक, यहां हर साल तंबाकू के सेवन से मरने वालों की संख्या 13.5 लाख के पार है. यानी अब आपको समझना होगा कि आप सिगरेट भले ही ना पीते हों, लेकिन अगर आपके आसपास भी कोई सिगरेट पी रहा है तो वो आपको मौत के नजदीक ले जा रहा है. आपको जानकर हैरानी होगी कि भारत की कुल आबादी जिसकी उम्र 15 साल से ज्यादा है, उसमें 29 फीसदी युवा तंबाकू का सेवन करते हैं. किस उम्र में युवा सिगरेट पीना शुरू करता है वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार, सिगरेट पीने की चाह बच्चों में 10 से 13 साल के बीच ज्यादा देखी गई है. वहीं 13 से 16 साल के बीच, बच्चों को इसकी लत लगने लगती है. अगर बच्चों को इस दौरान सिगरेट पीने से रोक दिया जाए तो हो सकता है कि उनकी लत छूट जाए. लेकिन, अगर बच्चों को इस उम्र में सिगरेट की लत लग गई

तो फिर उनकी सिगरेट बड़ी मुश्किल से छूटती है.

सिगरेट सबसे ज्यादा किसकी जान ले रहा है

डब्ल्यूएचओ की ही रिपोर्ट के मुताबिक, सिगरेट सबसे ज्यादा जान मर्दों की ले रहा है. दुनियाभर में लगभग 70 लाख मर्द हर साल तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों की वजह से अपनी जान गंवा दे रहे हैं. जबकि, दुनियाभर में लगभग 12 लाख ऐसी महिलाएं भी हैं जो तंबाकू के सेवन से अपनी जान से हाथ धो बैठ रही हैं. बच्चों की बात करें तो पैसिव स्मोकिंग से हर साल दुनियाभर में लगभग 6 लाख बच्चे अपनी जान गंवा दे रहे हैं. ये वो बच्चे हैं

# फ्लाइट में 24 घंटे की देरी होने पर टर्किश एयरलाइंस पर भड़कीं तापसी, बताया सबसे खराब अनुभव

अभिनेत्री तापसी पन्नू को आखिरी बार खेल खेल में देखा गया था, जो अगस्त 2024 में रिलीज हुई थी और यह इतालवी फिल्म परफेक्ट स्ट्रेंजर्स से प्रेरित है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, एमी विर्क, फरदीन खान, वाणी कपूर, आदित्य सील और प्रज्ञा जायसवाल ने अभिनय किया था। अब अभिनेत्री एक बार फिर सुर्खियों में आ गईं। हाल ही में अभिनेत्री ने टर्किश एयरलाइंस के प्रति अपनी निराशा व्यक्त की।तापसी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सबसे खराब अनुभव टर्किश एयरलाइंस, आपके पास सबसे गैर-परवाह ग्राहक सेवा है या रुकिए, आपके पास खुद कोई ग्राहक देखभाल सेवा नहीं है। खासकर उन यात्रियों के लिए, जो आपकी देरी के कारण परेशान होते हैं। इसे खुद ही पता लगाना है। वाह, आपकी एयरलाइन समस्या के कारण 24 घंटे की देरी, यह पता लगाने के लिए यात्री की समस्या नहीं है।श्रुति हासन भी हो चुकी हैं परेशान तापसी उड़ान में होने वाली देरी से परेशान होने वाली पहली अभिनेत्री नहीं हैं। हाल ही में साउथ अभिनेत्री श्रुति हासन ने भी इस समस्या का सामना किया था।



# मर्डर के लिए टीवी पर शर्मिंदा होने की घटना को मल्लिका ने किया याद, बोलीं- मुझे शर्म नहीं आई



बॉलीवुड की बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक मल्लिका शेरावत ने साल 2004 में फिल्म मर्डर में अपनी शानदार भूमिका के साथ बोल्ड सीन्स से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान मल्लिका ने मर्डर के बोल्ड कंटेंट पर लोगों के गुस्से को याद किया और राष्ट्रीय टेलीविजन पर शर्मिंदा होने की कहानी साझा की।

**मर्डर के बोल्ड सींस को लेकर मल्लिका का खुलासा**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मल्लिका ने खुलासा किया कि फिल्म की रिलीज के बाद, उनके पुतले जलाए गए थे और उन्हें कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने आलोचनाओं के बजाय अपनी प्रसिद्धि के सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया। महेश भट्ट के साथ एक न्यूज चैनल पर हुई घटना को याद करते हुए मल्लिका ने कहा, मैं मर्डर के दौरान भट्ट साहब के साथ एक न्यूज चैनल पर गई थी और न्यूज एंकर ने मुझे गाने के बोल सुनाने शुरू किए। उन्होंने कुछ शब्दों पर ध्यान केंद्रित किया और उन्होंने मुझसे पूछा, शर्म नहीं आई ? मैंने उनसे कहा, नहीं, मुझे शर्म नहीं आई। वास्तव में, मुझे बहुत मजा आया। वह हैरान था कि एक लड़की उससे इस तरह कैसे बात कर सकती है। मैं इस बारे में बहुत खुली थी।

**मर्डर जैसी बोल्ड फिल्म के लिए तैयार नहीं था दर्शक**

मल्लिका ने आगे कहा, महिलाओं को शर्म के जरिए कंट्रोल किया जाता है, लेकिन मुझे लगता है कि 2004 की तुलना में निश्चित रूप से अब यह कम हो रहा है।

# भोपाल नगर निगम का नवीन भवन बनेगा सुशासन का प्रतीक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भवन से नागरिकों को सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर होंगी उपलब्ध**

**ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर आधारित है नवीन भवन**

**ऊर्जा में आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत उदाहरण है नगर निगम का नवीन भवन**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगर पालिक निगम भोपाल के नवीन मुख्यालय भवन का किया लोकार्पण**

**नीमच के सौर ऊर्जा प्लांट का भी रिमोट से किया लोकार्पण**




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपालवासियों को भोपाल नगर निगम के नवीन मुख्यालय भवन की बधाई देते हुए कहा कि देश की क्लीन और ग्रीन कैपिटल, झीलों की नगरी भोपाल के नगर निगम का यह भवन सुशासन का प्रतीक बनेगा। भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने जन सेवा को शासन का आधार माना था। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी के नाम पर स्थापित अटल भवन सुलभ, सुव्यवस्थित और पारदर्शी सेवाओं का केंद्र होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर पालिक निगम के नवनिर्मित मुख्यालय 'अटल भवन' के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक भवन शहर में सुशासन, बेहतर नागरिक सुविधाओं और विकास के नए संकल्प का प्रतीक बनेगा। स्वच्छता शपथ पटल पर लिखा संदेश- 'भोपाल रहेगा स्वच्छता में नंबर-वन' मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगर पालिक निगम भोपाल के नवनिर्मित भवन में फीता खोलकर भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने भवन की शिलापट्टिका का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्मित भवन का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वच्छता शपथ पटल पर लिखा कि 'भोपाल स्वच्छता में रहेगा नंबर-वन'। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल नगर पालिक निगम द्वारा नीमच जिले के देवरी में लगभग 14 करोड़ रूपए की लागत से पीपीपी मोड पर विकसित की गई सौर ऊर्जा परियोजना का भी रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंगवस्त्रम् तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भवन लोकार्पण अवसर पर शहनाई वादन कर रहे श्री कल्लू भाई और उनके साथियों को प्रोत्साहन स्वरूप 5-5 हजार रूपए प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर भोपाल के प्रभारी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायकगण श्री रामेश्वर शर्मा, श्री भगवानदास सबनानी, श्री विष्णु खत्री तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। भोपाल को मेट्रोपॉलिटिन सिटी के रूप में किया जा रहा है विकसित मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल नगर पालिक निगम का यह भवन ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर आधारित है। इस भवन का आकल्पन नागरिकों को सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। भवन में सूर्य के प्रकाश और वेंटीलेशन की पर्याप्त व्यवस्था है, जो ऐतिहासिक रूप से प्रमाणित भारतीय वास्तुकला के सिद्धांतों के अनुरूप है। यह भवन अपनी ऊर्जा की आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज नगर पालिक निगम भोपाल द्वारा नीमच के ग्राम देवरी में स्थापित 10.5 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना का लोकार्पण भी किया है। इस भवन की बिजली आपूर्ति ओपन एक्सेस से नीमच के संयंत्र से की जाएगी। परिसर की पार्किंग में भी सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। यह भवन ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत उदाहरण है। प्रदेश की राजधानी भोपाल का गौरव दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। भोपाल को मेट्रोपॉलिटिन सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। रायसेन, सीहोर, विदिशा, राजगढ़ को भोपाल से जोड़ते हुए यह क्षेत्र विकास के नए सोपान तय करेगा। नगरीय निकाय जनता के लिए शासन प्रणाली का महत्वपूर्ण स्तंभ है मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और नगरीय निकाय नागरिकों की भावनाओं की अभिव्यक्ति और जनता का-जनता द्वारा-जनता के लिए शासन प्रणाली के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश, प्रदेश के साथ-साथ नगरीय और ग्राम स्तर पर भी सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। राज्य सरकार विकास और जनकल्याणकारी गतिविधियों से प्रदेशवासियों की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत विश्व के समक्ष आदर्श प्रस्तुत कर रहा है। कई अन्य देशों में उनके अस्तित्व को लेकर ही चुनौतीपूर्ण परिस्थितियां विद्यमान हैं। इन विषम परिस्थितियों में भी भारत प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी द्वारा आरंभ की गई विकास की गतिविधियों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्णयों से आम भारतीय का विश्वास बढ़ा है मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में धर्म-संस्कृति के गौरव का काल चल रहा है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के धाम की स्थापना हो या नारी शक्ति वंदन अधिनियम या फिर पड़ोसी देशों के कुत्सित इरादों के विरूद्ध की गई कार्यवाही, प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्णयों से आम भारतीय का विश्वास बढ़ा है। धारा 370 के बाद कश्मीर में बदलाव आया है और अब कश्मीर के लोग भी भारत के साथ कदम से कदम मिलाकर देश के दुश्मनों का मुकाबला करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत किसानों की बेहतरी के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। सफाई मित्रों को पीपीई किट प्रदान किए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में सफाई मित्रों को पीपीई किट प्रदान किए। पीपीई किट में रेनकोट, फुल बॉडी ड्रेस, हेलमेट, ग्लव्स, मास्क और रिफ्लेक्शन जैकेट शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत श्रीमती लक्ष्मी बाई एवं काजल सटोरिया को आवंटन आदेश पत्र और मकान की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत श्री दिनेश मौर्य को 50 हजार रूपए की ऋण राशि का चैक प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत सुश्री पूजा गिरी गोस्वामी को स्व-सहायता समूह के लिए 2 लाख रूपए से अधिक की ऋण राशि का चैक प्रदान किया।

## आदर्श जिला बनाने के लिए सभी समन्वयक रुप से प्रयास करे

**मध्यप्रदेश सरकार समग्र विकास के लिए संकल्पित**

**जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न**




**भोपाल ।** आदर्श जिला बनाने के लिए सभी समन्वयक रूप से प्रयास करें, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण करें। मध्यप्रदेश सरकार समग्र विकास के लिए संकल्पित है। सागर रिंग रोड, बायपास का कार्य शीघ्रता से करें, साथ ही क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य तत्काल शुरू करें। उक्त विचार उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, विधायक श्री शैलेन्द्र जैन, विधायक श्री प्रदीप लारिया, विधायक श्री ब्रज बिहारी पटेरिया, विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरा सिंह राजपूत, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, जिला अध्यक्ष श्री श्याम तिवारी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक केवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे ।उप मुख्यमंत्री मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैठक में निर्देश दिए कि सागर को आदर्श जिला बनाने के लिए सभी समन्वयक रूप से कार्य करें। स्मार्ट सिटी के माध्यम से सागर में अन्य शहरों की अपेक्षा बहुत अच्छे कार्य हुए है। जिससे सागर अपनी नयी पहचान बनाने में सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि सागर शहर को जोड़ने वाले रिंग रोड एवं भोपाल, जबलपुर, नरसिंहपुर को जोड़ने वाले वाईपास का कार्य शीघ्र गति से पूरा करें जिससे जिलेवासियों के साथ अन्य व्यक्तियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि बीना रिफाईनरी के परिक्षेत्र में सड़कों का निरीक्षण करें एवं मरम्मत के लिए डीपीआर तैयार कराएं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सड़क के प्रस्ताव विधानसभावार तैयार कर सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकार के निर्माण कार्यों की स्वीकृति भूमिपूजन, लोकापर्ण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के माध्यम से सागर में विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह, विधायक श्री शैलेन्द्र जैन के मार्गदर्शन में बहुत अच्छे कार्य हुए हैं जिसके माध्यम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की परिकल्पना पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि सागर नगर की ट्राफिक व्यवस्था सुधारने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्टिंग का कार्य एवं राजघाट चौराहे से धर्मश्री तक सड़कों से खंभे हटाने का कार्य शीघ्र गति से करें। विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने ब्लड बैंक की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल द्वारा जिला चिकित्सालय से बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज को ब्लड बैंक हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए एवं ब्लड बैंक को अत्यधिक सर्व सुविधायुक्त बनाने के साथ ही ब्लड बैंक की प्रारंभ में 2000 यूनिट और भविष्य में 5000 यूनिट तक बढ़ाने के संबंध में कार्य योजना बनाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि संभाग वासियों के हित के दृष्टिगत इस ब्लड बैंक में अत्याधुनिक सुविधाओं जैसे ए एन टी टेस्टिंग, प्लाजमा थेरेपी , सिंगल डोनर आदि सभी प्रकार के कार्य किये जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्टोर क्षमता बढ़ने से आवश्यकता वाले व्यक्तियों को आसानी से ब्लड मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं जहां 1500 से 2000 यूनिट रक्त एकत्रित होता है जिसको जिले से अन्यत्र भी भेजा जाता है जिससे जिलेवासियों को पूरा लाभ नहीं मिल पाता, क्षमता बढ़ने से जिलेवासियों को इसका लाभ मिल सकेगा। विधायक श्री शैलेन्द्र जैन ने लेहदरा नाका से बेरखेड़ी गुरु तक प्रस्तावित बाईपास निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने धर्मश्री से भोपाल रोड तक प्रस्तावित धर्मश्री बाईपास के लिए भूमि अधिग्रहण का विषय प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि अधिकांश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के शेष निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्हें समयसीमा में पूर्ण कराने पर जोर दिया। फर्नीचर क्लस्टर की कार्य प्रगति की जानकारी ली तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान सागर में हुए एमओयू की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने सागर के उत्कृष्ट विद्यालय का नाम शहीद प्रदीप लारिया के नाम पर रखने तथा विद्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग भी की। विधायक श्री प्रदीप लारिया ने मकरोनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पामाखेड़ी एवं परसोरिया में पर्याप्त स्टाफ एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने, बम्होरी अंडरपास को शीघ्र प्रारंभ कराने एवं मकरोनिया और सदर की यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की भी मांग रखी। जनपद पंचायत भवन सागर हेतु भूमि आवंटन सहित क्षेत्र के विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना संबंधी कार्यों पर भी विस्तार से जानकारी दी। बीना विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे ने बीना रिफाईनरी में प्रतिबंधित क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य की जानकारी दी एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के संबंध में भी बताया।

## भोपाल में नकली नोटों का बड़ा खुलासा, एमबीबीएस डॉक्टर के पास मिले 1.40 लाख के फर्जी नोट

**भोपाल ।** राजधानी भोपाल में पुलिस ने नकली नोटों के कारोबार का बड़ा खुलासा करते हुए पश्चिम बंगाल निवासी एक एमबीबीएस डॉक्टर 25 वर्षीय सैफुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 500-500 रुपये के कुल 280 नकली नोट बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत 1 लाख 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए एप्पल आईफोन में यूके (+44) नंबर का इस्तेमाल कर व्हाट्सएप कॉलिंग करता था। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि आरोपी किसी संगठित गिरोह या संदिग्ध विचारधारा से जुड़ा तो नहीं है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर लिया गया है। कोहेफिजा थाना पुलिस को 6 मई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सेफिया मस्जिद के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है और कम कीमत पर 500 रुपये के नोट देने की बात कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सेफिया कॉलेज ग्राउंड के पास आरोपी सैफुल इस्लाम को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके बैग से चार अलग-अलग सीरीज के नकली नोट, एक आईफोन, एक एंड्रॉयड मोबाइल और अन्य सामान बरामद हुआ। आरोपी फिलहाल भोपाल के शाहपुरा इलाके में रह रहा था, जबकि उसका स्थायी पता पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले का बताया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 2024 से भोपाल आता-जाता रहा और शादी के बाद यहीं रहने लगा था। पुलिस के अनुसार आरोपी कोई काम नहीं करता था और खर्चीली जीवनशैली बनाए रखने के लिए पश्चिम बंगाल से नकली नोट लाकर बाजार में चलाता था। आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए एप्पल आईफोन में इंटरनेशनल नंबर से वाट्सअप कॉल कर बातचीत करता था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह ट्रैकिंग और कॉल रिकॉर्डिंग से बचने के लिए च नंबर से व्हाट्सएप कॉल करता था। पुलिस को उसके मोबाइल में कुछ संदिग्ध लेनदेन भी मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर सात दिन की रिमांड पर लिया है। जांच एजेंसियों को शक है कि आरोपी नकली नोट सप्लाई करने वाले किसी बड़े गिरोह या सिंडिकेट से जुड़ा हो सकता है।

## किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध मध्यप्रदेश कांग्रेस का प्रदेशव्यापी चक्काजाम आंदोलन

**मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 747 किलोमीटर क्षेत्र में किसानों के समर्थन में उतरी कांग्रेस**



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों के साथ हो रहे अन्याय, समर्थन मूल्य पर खरीदी, फसलों के उचित दाम एवं किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ आज मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग (एन.एच.-3) सहित प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर चक्काजाम आंदोलन आयोजित किया गया। आंदोलन प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रभावी रूप से संपन्न हुआ, जिसमें लाखों किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। यह आंदोलन प्रदेश के लगभग 747 किलोमीटर क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारी, सांसदगण, विधायकगण, विधानसभा प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने सहभागिता की। मुरैना में सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह एवं विधायक हेमंत कटारे उपस्थित रहे। ग्वालियर में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, सह प्रभारी संजना जाटव सहित संभाग के विधायकगण आंदोलन में शामिल हुए। शिवपुरी में पूर्व मंत्री के.पी. सिंह एवं प्रदेश महासचिव यादवेन्द्र सिंह सहित वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। गुना में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने आंदोलन का नेतृत्व किया। शाजापुर में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश सहप्रभारी संजय दत्त ,सदस्य मीनाक्षी नटराजन, विधायक महेश परमार,पूर्व मंत्री सज्जन सिंह उपस्थित रहे। इंदौर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश सहप्रभारी उषा नायडू आंदोलन में शामिल हुए। खलघाट में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, प्रदेश सहप्रभारी रणविजय सिंह लोचव, पूर्व मंत्री बाला बच्चन, सचिन यादव एवं संभाग के विधायकगण उपस्थित रहे। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार सत्ता के मद में चूर होकर किसानों की आवाज को कुचलना चाहती है, लेकिन अब प्रदेश का किसान जाग चुका है और अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए सड़क पर उतर आया है। उन्होंने कहा कि अब न तो सरकार किसानों को दबा सकती है और न ही सरकारी तंत्र किसानों की आवाज को रोक सकता है।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल नगर पालिक निगम के नवीन भवन 'अटल भवन' के लोकार्पण कार्यक्रम में नीमच के 20.5 मेगा वॉट के सोलर प्लांट का रिमोट से लोकार्पण किया।

स्वात्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एम.एस.चौहान द्वारा ई-2/283, अरेरा कॉलोनी भोपाल ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं ई-109/23,शिवाजी नगर,भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक: एम.एस. चौहान, स्थानीय संपादक कमलेन्द्र सिंह चौहान।
फोन एवं फैक्स : 0755-4273629,।